


# सांध्य प्रकाश




वर्ष 54/ अंक 214/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, बुधवार 05 मार्च 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## विश्व शांति केंद्र का भव्य उद्घाटन, आचार्य लोकेश के नेतृत्व में विश्व शांति का नया युग

### डॉ. आलोक ड्रोलिया बने ग्लोबल चेयरमैन ,उद्घाटन समारोह में रही प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति

**गुरुग्राम।** दुनिया के पहले विश्व शांति केंद्र का भव्य उद्घाटन गुरुग्राम में संपन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस ऐतिहासिक अवसर पर अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के ग्लोबल चेयरमैन के रूप में डॉ. आलोक ड्रोलिया को मनोनीत किया गया। यह महत्वपूर्ण दायित्व परम पावन आचार्य डॉ. लोकेश मुनि जी ने उन्हें सौंपा, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए संगठन के उद्देश्यों को मजबूत आधार देने का संकल्प लिया।



**उद्घाटन समारोह में रही प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति** - इस गरिमामयी समारोह में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद्र कटारिया, बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर जी और पूज्य मुरारी बापू जी सहित कई गणमान्य हस्तियां उपस्थित रहीं।

## 14 किलो सोने के साथ पकड़ी गई कन्नड़ एक्ट्रेस, सीनियर IPS अधिकारी की बेटी!

कन्नड़ फ़िल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोमवार रात केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (केआईए) पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। रान्या दुबई से बेंगलुरु पहुंची थीं। उनके पास 14 किलोग्राम सोने की छड़ें मिलीं जो एक बेल्ट में छुपाई गई थीं। ये बेल्ट उनके शरीर से बंधी थी। इसके अलावा, उनके पास 800 ग्राम के सोने के आभूषण भी मिले। मंगलवार शाम उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जांच अधिकारियों को संदेह है कि वह बेंगलुरु हवाईअड्डे के जरिए सक्रिय रूप से संचालित एक सोने की तस्करी गिरोह का हिस्सा हैं। रान्या पुलिस अधिकारी की बेटी है।



### सरकारी प्रोटोकॉल का फायदा उठाया

डीआरआई को संदेह है कि रान्या हवाईअड्डे पर वरिष्ठ अधिकारियों के लिए निर्धारित विशेष प्रोटोकॉल का लाभ उठाकर आसानी से बाहर निकलती थीं। एक सूत्र ने बताया कि हवाईअड्डे पर एक प्रोटोकॉल अधिकारी उन्हें रिसीव करता था और बिना किसी परेशानी के एयरपोर्ट से बाहर निकालता था। उनके बैग की सामान्य जांच होती थी, लेकिन शारीरिक रूप से उन्हें नहीं रोका जाता। यहां तक कि सरकारी वाहन उन्हें एयरपोर्ट से घर छोड़ने आता था, जिससे रास्ते में कोई परेशानी न हो।

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के 17 दिन बाद डीआरएम समेत 5 अफसरों को हटाया

**नई दिल्ली।** बीती 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ के करीब 17 दिन बाद दिल्ली मंडल रेल प्रबंधक, अतिरिक्त डीआरएम और रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सुरक्षा आयुक्त सहित 5 वरिष्ठ अधिकारियों का मंगलवार को तबादला कर दिया गया। इस हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गई थी और कई घायल भी हुए। रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक, हालांकि उन्हें प्रशासनिक आदेशों के तहत बिना किसी तात्कालिक कारण बताए हटाया गया है। लेकिन, इस तबादले का समय साफतौर से भगदड़ से जुड़ा लग रहा है। रेलवे मंत्रालय को उनकी ओर से लापरवाही और कर्तव्यों के प्रति लापरवाही नजर आई तभी यह कार्रवाई की गई। मंगलवार को जारी अलग-अलग आधिकारिक आदेशों के अनुसार, डीआरएम सुखविंदर सिंह, एडीआरएम विक्रम सिंह राणा, स्टेशन निदेशक महेश यादव, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक (यात्री सेवाएं) आनंद मोहन और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ एएससी महेशचंद सैनी का तबादला किया गया। उनकी नई पोस्टिंग की जानकारी नहीं दी गई। सुखविंदर सिंह, विक्रम सिंह राणा और महेशचंद सैनी का तबादला रेलवे बोर्ड द्वारा जारी तीन अलग-अलग आदेशों के जरिए किया गया। जबकि, यादव और नारायण का संयुक्त तबादला आदेश उत्तर रेलवे ने जारी किया। सुखविंदर सिंह की जगह पुष्पेष आर त्रिपाठी को डीआरएम बनाया गया है।



### पीएम मोदी ने नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट बाद वेबिनार को संबोधित किया

# दर्शक न बनें, मौके का लाभ उठाएं उद्योग

### मोदी ने कहा कि पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय उद्योग जगत से ऐसे समय में वैश्विक अवसरों का लाभ लेने के लिए 'बड़े कदम' उठाने का आह्वान किया, जब दुनिया भारत को भरोसेमंद साझेदार के रूप में देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए दो मिशन शुरू करेगी। नियामकीय, निवेश और कारोबारी सुगमता के सुधारों पर बजट बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए मोदी ने उद्योग जगत से ऐसे नए उत्पादों की पहचान करने के लिए कहा जिनका विनिर्माण देश में किया जा सके और वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके। मोदी ने कहा, 'हमारा देश ये करने में सक्षम है, आप सभी सक्षम हैं, ये हमारे लिए बहुत बड़ा अवसर है। मैं चाहता हूं कि हमारा उद्योग जगत दुनिया की इन अपेक्षाओं को सिर्फ दर्शक बनकर न देखे। आपको इसमें अपनी भूमिका और अवसर तलाशने होंगे।'



प्रधानमंत्री ने देश भर में छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों को समय पर और कम लागत वाले धन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पहली बार उद्यम शुरू कर रही पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों को दो करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा।

मोदी ने कहा, 'आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि का इंजन है। भारत ने कठिन समय में भी अपनी जुझारू क्षमता साबित की है। आज हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इस साझेदारी का लाभ उठाना चाहिए।' प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की निरंतरता और सुधारों के प्रति भरोसे के कारण उद्योग जगत को नया आत्मविश्वास मिला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई को न केवल कर्ज, बल्कि मार्गदर्शन की भी जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि उद्योगों को उनके समर्थन के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू करने चाहिए। मोदी ने कहा कि किसी भी देश की प्रगति के लिए स्थिर नीति और बेहतर कारोबारी माहौल महत्त्वपूर्ण है।

### पीएम मोदी का उत्तराखंड दौरा कल, विंटर टूरिज्म के तहत मुखबा में मां गंगा की आरती करेंगे

**उत्तरकाशी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च गुरुवार को उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे. पीएम मोदी इस दौरान मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे. पीएम मोदी के आगमन से पूर्व हर्षिल घाटी में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. पीएम मोदी के तय कार्यक्रम के मुताबिक वो गुरुवार सुबह करीब 9-30 बजे मुखबा में मां गंगा के शीतकालीन स्थल पर पूजा-अर्चना करेंगे और मां के दर्शन करेंगे. सुबह करीब 10-40 बजे वे ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाएंगे. इसके बाद पीएम मोदी हर्षिल में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. उत्तराखंड सरकार ने इस वर्ष शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम शुरू किया है. हजारों श्रद्धालु पहले ही विंटर टूरिज्म के तहत गंगोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा, यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली, केदारनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ और बदरीनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ज्योतिर्मठ का दौरा कर चुके हैं।





### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजू पटनायक की जयंती के अवसर पर उन्हें किया याद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के लोकप्रिय सीएम बीजू पटनायक की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। बता दे कि पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर आपातकाल के दौरान उनके कड़े विरोध को भी याद किया।



### पीएम मोदी ने शिवराज सिंह चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

भाजपा के कर्मठ नेता और सरकार में मेरे सहयोगी शिवराज सिंह चौहान जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। देश की कृषि और किसान भाई-बहनों के कल्याण के साथ-साथ गांवों के विकास में वे अहम भूमिका निभा रहे हैं। ईश्वर से उनके दीर्घायु और आरोग्यपूर्ण जीवन की कामना।


## ट्रम्प बोले- 2 अप्रैल से भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे

### अमेरिकी संसद को दिए पहले भाषण में ऐलान; पाकिस्तान को शुक्रिया कहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल से भारत पर जैसा को तैसा टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे 100 प्रतिशत से ज्यादा टैरिफ वसूलता है, हम भी अगले महीने से ऐसा ही करने जा रहे हैं।

ये ऐलान उन्होंने बुधवार सुबह (भारतीय समय के मुताबिक) अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में कही। उन्होंने रिकॉर्ड 1 घंटा 44 मिनट का भाषण दिया। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ 1 घंटा भाषण दिया था। ट्रम्प ने भाषण की शुरुआत अमेरिका इज बैक, यानी अमेरिका का दौर लौट आया है से की। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने 43 दिन में जो किया है वह कई सरकारें अपने 4 या 8 साल के कार्यकाल में नहीं कर पाईं। इसके अलावा ट्रम्प ने पाकिस्तान को शुक्रिया भी कहा। ट्रम्प ने कहा कि 2021 में अफगानिस्तान में आतंकियों ने 13 अमेरिकी सैनिकों की हत्या कर दी थी। उन्हें पकड़ने में पाकिस्तान सरकार ने मदद की।

जैसे को तैसा टैरिफ- 2 अप्रैल से जैसे को तैसा टैरिफ लागू होगा। दूसरे देश हम पर भारी टैरिफ और टैक्स लगाते हैं, अब हमारी बारी है। अगर कोई कंपनी अमेरिका में प्रोड्क्ट नहीं बना रही है तो उसे टैरिफ देना होगा।. यूक्रेन जंग-जेलेंस्की जल्द से जल्द यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर बातचीत के लिए आने को तैयार हैं। हमने रूस के साथ गंभीर बातचीत की है। हमें मॉस्को से मजबूत संकेत मिले हैं कि वे शांति के लिए तैयार हैं।



### ट्रम्प बोले- मार्स पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे

ट्रम्प ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका अपनी तकदीर खुद लिखे। हम दुनिया की सबसे स्वतंत्र, सबसे उन्नत, सबसे शक्तिशाली और सबसे प्रभावशाली सभ्यता का निर्माण करेंगे। हम विज्ञान की नई सीमाओं को पार करेंगे, इंसान को अंतरिक्ष में आगे ले जाएंगे, और मंगल ग्रह पर अमेरिकी झंडा फहराएंगे- और उससे भी आगे बढ़ेंगे! अपने भाषण के अंत में उन्होंने कहा, 'एक अद्भुत भविष्य के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि अमेरिका का गोल्डन पीरियड अभी शुरू हुआ है।'





16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय दल 7 मार्च तक होने वाली महत्वपूर्ण बैठकों के लिए भोपाल दौरे पर है। वित्त आयोग इस दौरान मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के अलावा राज्य के अन्य जगहों पर दौरे करेगा।

## ग्वालियर में धमाके से तबाह हुआ फ्लैट...

**ग्वालियर।** ग्वालियर के गोला का मंदिर इलाके में भिंड रोड स्थित लेगेसी अपार्टमेंट की पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर एल-7 में देर रात करीब दो बजे ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के तीन फ्लैट भी ब्लास्ट क्षतिग्रस्त हुए हैं। पूरी बिल्डिंग में दरारें आ गईं।



लिफ्ट टूट कर नीचे आ गिरीं। ब्लास्ट के वक्त रंजना और अनिल जाट फ्लैट में ही थे। दोनों गंभीर रूप से घायल हुए हैं। रंजना और उनके पति के नाम पर दो फ्लैट हैं। वे इसी बिल्डिंग में 7वें फ्लोर पर बने फ्लैट में रहते हैं। एक दिन पहले ही यहां रहने आ गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मुताबिक उन्होने धमाके के बाद दोनों को आग से झुलसा हुआ देखा।

## छत्तीसगढ़ के बाद अब एमपी में भी कम हो सकते हैं पेट्रोल के दाम

**भोपाल।** छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की कीमतों में इस कमी के बाद, अब पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में भी ऐसी ही राहत की उम्मीद जागी है।




बता दें कि मध्य प्रदेश में पेट्रोल की औसत कीमत 107.33 रुपए प्रति लीटर है, जो छत्तीसगढ़ की तुलना में बहुत ज्यादा है। राज्य की राजधानी भोपाल में पेट्रोल की कीमत 106.52 रुपए प्रति लीटर है।

### अंतरराष्ट्री बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट भी पेट्रोल की कीमतों में कमी का एक प्रमुख कारण हो सकती है। हाल ही में, कच्चे तेल की कीमतें तीन साल के निचले स्तर पर पहुंच गई हैं, इससे उम्मीद है की जा रही है कि आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में और भी गिरावट दर्ज की जा सकती है।



### 9 महीने बाद धरती पर लौटेंगी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स

**केप कैनावेरल।** भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री करीब 9 महीने से फंसे रहने के बाद अब धरती पर लौटने वाली हैं। अंतरिक्ष में वह महज कुछ हफ्तों के लिए गई थीं, लेकिन कैप्सूल में टेक्निकल खराबी आ जाने से उनको अब तक धरती पर वापस नहीं लाया जा सका। जबकि उनके साथ के कुछ यात्री बाद में कुछ महीनों बाद सकुशल लौट आए थे। मगर सुनीता विलियम्स अब तक वापस नहीं आ सकी हैं। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दो अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता (सुनी) विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की विलियम्स को अगले सप्ताह तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्ष यात्री के आने तथा उसके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करना होगा।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रस्तावों को धरातल पर उतारने 6 स्तरीय प्लान

**भोपाल।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार ने छह स्तरीय प्लानिंग की है।सीआरएमप्लेटफार्म के जरिए यह पूरी मानीटरिंग की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खुद ऑनलाईन देख सकेंगे कि किस तरह के निवेश प्रस्ताव के क्रियान्वंयन की क्या स्थिति है।

इसमें निवेश प्रस्तावों की स्क्रीनिंग और डेटा प्रविष्टि सीारएम प्लेटफार्म में एंट्री, प्राथमिक स्क्रीनिंग एवं सूची का निर्माण एमपीआईडीसी करेगा। इसके बाद विभागवार वर्गीकरण सीआरएम का लॉगिन प्रत्येक विभाग को देने का काम एमपीआईडीसी करेगा। विभाग स्तर से प्रस्तावों को फॉलोअप निवेश राशि के आाधार पर क्षेत्रीय कार्यालय, मुख्यालय और विभाग स्तर पर फॉलोअप किया जाएगा। प्रत्येक विभाग द्वारा रिलेशनशिप मैनेजर की नियुक्ति की जाएगी और ऑटो रिमाइंडर दिया जाएगा। सभी विभाग भी इसकी मानीटरिंग और रिपोर्टिंग करेंगे। सीआरएम में डेटा पडेट विभाग स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक की जाएगी। निवेश प्रस्तावों को साकार करने के लिए भूमि आवंटन, अनुमोदन या मंजूरी , क्षेत्रीय कार्यालय, मुख्यालय और विभागों द्वारा की जाएगी। सभी विभाग अपने से जुड़े निवेश प्रस्तावों की त्रैमासिक समीक्षा करेंगे और इन्वेस्टर से फीडबक लिया जाएगा। निवेशकों की प्रतिक्रिया का विश्लेषण और समाधान हेतु फीडबैक व्यवस्था भी संबंधित विभाग ही करेगा।

बनी जीआईएस फॉलोप सेल-जीआईएस के निवेश प्रस्तावों की मानीटरिंग और फॉलोअप के लिए फालोअप सेल( आईएफसी ) बनाई गई है। यहीम विभिन्न स्तरों पर प्रस्तावों का फालोअप करेगी। मुख्यालय स्तर पर फालोटप टीम में ईडी की अध्यक्षता में काम किया जाएगा। उनके नीचे एमपीआईडीसी की लीड टीम काम करेगी। इसके अलावा क्षेत्रीय स्तर पर फालोअप टीम बनाई गई है। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय के ईडी की अध्यक्षता में टीम बनाई गई है।एमपीआईडीसी की लीड टीम मुख्यालय से एमपीआईडीसी लीड टीम के एक सदस्य और क्षेत्रीय कार्यालय पर एमपीआईडीसी प्रबंधक कसंलटेंट की टीम बनाई गई है।




ए प्लस कैटेगिरी में पांच हजार करोड़ से अधिक के प्रस्ताव आएंगे। ए कैटेगिरी में एक हजार से 4999 करोड़ के प्रस्ताव, बी प्लस में 500 से 999 करोड़ के प्रस्ताव और कैटेगिरी बी में पांच सौ करोड़ से कम के प्रस्ताव आएंगे। कुल 8 लाख 54 हजार करोड़ के प्रस्ताव उद्योग विभाग के पास आए है। इनमें 4999 करोड़ से उपर के बीस, एक हजार से 4999 करोड़ के 88, पांच सौ से एक हजार करोड़ के 54, 101 से 500 करोड़ के 333, 51 से 100 करोड़ के 240 और पचास करोड़ के 618 प्रस्ताव आए है।

**सीआरएम सॉफ्टवेयर से रियल टाईम ट्रेकिंग-** एमपीआईडीसी मुख्यालय से एडमिन आईडी के माध्यम से सभी निवेश प्रस्तावों की स्थिति किसी भी समय डैशबोर्ड पर ट्रैक किए जा सकेंगे। विभिन्न आरआईसी और स्रोतों से नए निवेश प्रस्तावों को प्राप्त कर उन्हें सीआरएम में प्रबंधित किया जा सकेगा। कस्टमाईजेबल फॉर्म्स और फील्ड के माध्यम से प्रस्तावित निवेश, संपर्क व्यक्ति, भूमि आवश्यकताओं की जानकारी भी संग्रहित की जा सकेगी। निवेश प्रस्ताव को ऑटोमेटेड कार्यप्रवाह के माध्यम से सही लीड मैनेजर और क्षेत्रीय अधिकारी को आवंटित किया जाएगा। सभी निवेश प्रस्तावों की जानकारी एक केंद्रीकृत डेटाबेस में संग्रहित होगी जिसमें निवेश प्रस्ताव की रियल टाईम ट्रेकिंग, उनका क्रमवर प्रबंधन जैसे नया प्रस्ताव, कंपनी से संपर्क स्थापित करने, भूमि उपलब्धता, भूमि आवंटन प्रक्रिया में सीसीआईपी प्रक्रिया में प्रबंधन किया जा सकेगा। कंपनियों के निवेश प्रस्ताव की जानकारी सीधे सीआरएम से ईमेल और व्हाटसएप से भेजी जाएगी। सभी संचार गतिविधियों, ईमेल, कॉल बैठकों को सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जाएगा। निवेश प्रस्ताव की स्थिति और कार्यप्रवाह, इतिहास को किसी भी समय देखा जा सकेगा। जिन्हें जमीन आवंटित हो चुकी है और सीसीआईपी प्रस्तावित है उन्हें डील सेक्शन में ट्रांसफर कर उनकी ईज ऑफ डुईंग बिजनेस में सहहायता की जाएगी। कन्वर्जन रेट, क्षेत्रवार आरआईसी के अनुसार निवेश प्रगति को प्रमुख संकेतकों में विभाजित कर रिपोर्टिंग और विश्लेषण तथा सिक्योरिटी और यूजर एक्सेस कंट्रोल की व्यवस्था की गई है।

**इस रणनीति पर काम-** औद्योगिक क्षेत्रों के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को प्राथमिकता से करके जमीन की उपलब्धता सुनिश्चि करने, प्रस्तावों को भूमि आवंटन, विकास, सेक्टर फोकस्ड और औद्योगिक कल्स्टरें का विकास, जिला स्तर पर कलेक्टर को जमीन और जल की जरुरत से अवगत कराने , प्लग एंड प्ले सुविधा विकसित कर निवेश परिचालन शुरु करवाने पर काम होगा।

### इन पार्को में उपलब्ध जमीन-

आष्टा, मोहासा, तारापुर, ढीमरखेड़ा, पीपलरावा, खवासा, बसई, मसवासीग्रांट, सिमरा, पारीछा अहीर, बीना, चैनपुर, गीदन और सागोनी, पोलायकला में 73 फीसदी जमीन उपलब्ध है। जीआईएस और आरआईसी में 30.77 लाख करोड़ के प्रस्ताव, 21.40 लाख को रोजगार-जीआईएस में कुल 24.51 लाख करोड़ के और आरआईसी तथा इंट्रेक्टिव सेशन में 4.16 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले है। इनसे 21 लाख 40 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। जीआईएस में सर्वाधिक 8.54 लाख करोड़ के प्रस्ताव उद्योग विभाग के है। नवीन एवं नवकरणीय उर्जा विभाग में दूसरे स्थान पर 5.72 करोड़ और तीसरे स्थान पर 3.22 करोड़ के प्रस्ताव खनिज विभाग में आए है। शहरी विकास में 1.97, उर्जा विभाग में 1.47 करोड़ लोक निर्माण विभाग में 1.30 करोड़ के प्रस्ताव आए है। इसके अलावा पर्यटन, विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी, तकनीकी शिक्षा, एमएसएमई, स्वास्थ्य, उच्च शिक्षा, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण, चिकित्सा शिक्षा, विमानन विभाग से जुड़े प्रस्ताव मिले है।

### भोपाल में सर्वाधिक प्रस्ताव-

जीआईएस में जो प्रस्ताव आए है उनमें भोपाल में सर्वाधिक 1755, इंदैर में 1553, जबलपुर में 616, उज्जैन में 533, सागर में 308, ग्वालियर में 306, रीवा में 296,नर्मदापुरम में 194, चंबल में 154,शहडोल में 146 प्रस्ताव आए है।







भोपाल। जनजातीय देवलोक महोत्सव में कलाकारों ने आदिवासी संस्कृति से जुड़े आयोजनों एवं लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

# मप्र में भी चल रही पुष्पा जैसी सिंडिकेट, जंगल की कटाई पर हाईकोर्ट ने सरकार को लताड़ा





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने अवैध जंगल कटाई पर सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने 2019 के नोटिफिकेशन को रद्द कर दिया, जिसमें 53 प्रजातियों के पेड़ों की कटाई पर छूट दी गई थी। कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि एमपी में फिल्म पुष्पा जैसी स्थिति हो गई है, जैसे पुष्पा में विधायक,तस्कर और अफसर मिलकर सिंडिकेट चलाते हैं,वही स्थिति एमपी में है।

एमपी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि जिस तरह फिल्म पुष्पा में तस्करों का सिंडिकेट सरकार से ऊपर हो जाता है, वही स्थिति मध्य प्रदेश में दिख रही है। प्रशासन, वन विभाग और राजनेताओं की मिलीभगत से जंगलों में अवैध लूट जारी है।

### कोर्ट ने सरकारी आदेश रद्द किया

2019 में सरकार ने 53 प्रकार के पेड़ों की कटाई और परिवहन को अनुमति दे दी थी। इस आदेश से जंगलों की कटाई को बढ़ावा मिला। कोर्ट ने इसे गलत बताते हुए निरस्त कर दिया। इसके साथ ही सरकार को जंगलों में हो रही अवैध कटाई रोकने के निर्देश दिए हैं।

### सरकार ने दी थी छूट

24 सितंबर 2019 को एमपी सरकार ने एक आदेश जारी किया था। इसमें 53 पेड़ों की कटाई और परिवहन को अनुमति के दायरे से बाहर कर दिया गया। यानी कोई भी इन पेड़ों को काट सकता था, कोई रोकने वाला नहीं था। इस आदेश का जंगल माफिया ने फायदा उठाया और अंधाधुंध पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। अब यह आदेश कोर्ट ने रद्द कर दिया है।

### फैसला सभी विभागों की वेबसाइट पर लगाओ

हाई कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि इस फैसले को सभी 52 विभागों की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाए। पुलिस, वन विभाग और प्रशासन को सख्ती से पालन करने को कहा गया। कोर्ट ने गोदामों में रखी लकड़ी की तत्काल जांच करने और अवैध कारोबार रोकने के आदेश दिए।

### वन विभाग पर भी उठे सवाल

कोर्ट ने कहा कि राज्य का शासन-प्रशासन मशीनरी माफिया के दबाव में झुक गया है। प्रशासन की मिलीभगत से जंगलों काटे जा रहे हैं। वन विभाग और पुलिस तस्करों के आगे घुटने टेक चुके हैं। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश के जंगलों की ट्रस्टी और संरक्षक है। उसकी जिम्मेदारी है कि जंगलों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### हाईपावर कमेटी गठित

मध्यप्रदेश में जंगलों का ग्रीन कवर जानने के लिए हाई कोर्ट ने अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के दो अधिकारियों की देखरेख में एक टीम बनाने के आदेश दिए हैं।

# ओबीसी अभ्यर्थियो की नियुक्ति के लिए अनिश्चितकालीन धरना



**भोपाल।** ओबीसी महासभा, अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एवं समस्त ओबीसी के सभी संगठनों द्वारा अम्बेडकर पार्क में 13 प्रतिशत ओबीसी अभ्यर्थियों सहित 14 सूत्रीय माँगो को लेकर की नियुक्ति के लिए अनिश्चितकालीन धरना दिया गया। धरने में ओबीसी विजय कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष - ओबीसी महासभा , एडवोकेट तुलसीराम पटेल राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष (अखिल भारतीय ओबीसी महासभा) एवं (मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अल्पसंख्यक अधिवक्ता संघ) प्रदेश अध्यक्ष, रूपेश सिंह यादव (कार्य. राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी महासभा), कमलेन्द्र सिंह (राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य), हेमराज गुर्जर,अमन श्रीवास, भूपेंद्र सिंह बघेल, रितिक यादव, गिरिराज धाकड़, जेडी पटेल, महेंद्र नागर, चेतन परमार, पलकेश सोनी, ललिता जी, आरती पटेल, मंगल सिंह, रतन सिंह, विकास चौधरी, धर्मेंद्र जाट, प्रद्युम्न राव कदम,धीरज सोनी, डॉ राजेश सविता, अम्बरेश परमार,विजय पटेल, विशाल दांगी,लोचन विश्वकर्मा, रघुवीर गुर्जर,एवं सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## रोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन

# शिक्षा और संस्कारों का मेल हमें जिम्मेदार नागरिक बनाता है: भगवानदास सबनानी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



रोजिनी नायडू कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव नूतन भव्या 2025 का उद्घाटन समारोह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. भारती कुम्भारे सातनकर ने की। सरस्वती पूजन एवं आतिथियों के स्वागत उपरांत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव वार्षिकोत्सव भव्या के नाम की सार्थकता के साथ महाविद्यालय की चहुमुखी विकास से अवगत कराया। सबनानी ने अपने भाषण में भोपाल में नूतन कॉलेज को प्रतिष्ठित बतातें हुये शिक्षा और संस्कारों के द्वारा छात्राओं को भावी नागरिक बनाने और सामाजिक दायित्व परिपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में महाविद्यालय के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डॉ. भारती कुम्भारें सातनकर ने भारतीय पंरपरा और ज्ञान मूल्यों के साथ आयोजित हो रहे वार्षिकोत्सव भव्या के लिये बधाई और शुभकामनायें दी। छात्र संघ प्रभारी डॉ. नीना श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया और कार्यक्रम का संचालन डॉ रंजना उपाध्याय ने किया। इस अवसर नृत्य नाटिका शक्तिरूपा का मंचन किया गया। नृत्य नाटिका का निर्देशन श्री दयानिधि मोहन्ते व इशिता सिंह ने किया। नृत्य नाटिका की संयोजक डॉ. नीना श्रीवास्तव रही जिनके मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इसी श्रृखंला में स्टैंड अप कॉमेडी व तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता भी संपन्न की गई। साथ ही ट्रेजर हंट प्रतियोगिता भी कराई गई इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को महाविद्यालय की प्राध्यापकों की विभिन्न उपलब्धियों से परिचित कराया गया।

# साईं बाबा मंदिर समिति का स्थापना दिवस दो दिवसीय मनाया जाएगा




**13 मार्च को निकलेगी साईं बाबा की भव्य पालकी, होगा भण्डारें का आयोजन**

**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर कैलाश नगर स्थित साईं बाबा मंदिर समिति का 17वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर साईं बाबा की भव्य पालकी निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर मंदिर में बैठक रखी गई और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई। आचार्य पंडित गंगाराम भार्गव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी साईं बाबा मंदिर में 12 मार्च को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। वहीं 13 मार्च को भव्य पालकी निकाली जाएगी। पालकी कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, पूर्व भोपाल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी, वार्ड 2 की पार्षद कुसुम चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के बाद शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रमोद तिवारी, संजय वाधवा, डॉ. ए.के. सिंह, रवि मीणा, विकास खन्ना, एच. आर. सिंह, अभिषेक सिंह, दिनेश मालवीय, टीकाराम पटेल, विपिन कुमार जैन, राघवेंद्र शर्मा, सज्जन सिंह राजपूत, पंडित ए.के. तिवारी सहित कई उपस्थित थे।

# गायत्री मंत्र आदर्श है, नाड़ी शोधन प्राणायाम के दौरान श्वसन क्रिया के अनुपात को मापने की सर्वोत्तम विधि: योग गुरु महेश अग्रवाल





**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर योग साधकों को नाड़ी शोधन प्राणायाम के अभ्यास करवाये जाते है साथ ही निर्देश दिया जाता है सही अनुपात के बारे में यदि हम कोई भी कार्य या इलाज दवाई बिना अनुपात या बिना कोई समय सारणी बनाये करते है तो उसका लाभ सही समय पर प्राप्त नहीं होता है उसी प्रकार प्राणायाम का अभ्यास भी यदि सही अनुपात एवं सही समय सारणी बना कर किया जाये तो शीध्र शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त होने लगता है।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि कई योग संहिताओं में ताली बजाकर या चुटकी बजाकर काल गणना की विधि बताई गई है, किन्तु कई बार यह विधि कोलाहलपूर्ण और बोझिल प्रतीत होती है। उस विधि से की गई गणना त्रुटिपूर्ण भी होती है। इस दृष्टि से मंत्र-विधि सबसे अधिक उपयुक्त है। इस कार्य में साधक का निजी मंत्र उतना कारगर नहीं होगा। श्वसन-काल के माप के लिए गायत्री मंत्र उपयुक्त है।

गायत्री मंत्र चौबीस अक्षरों का है और उसकी एक मानसिक आवृत्ति से श्वसन का एक चक्र पूर्ण होता है। हर व्यक्ति की प्राणिक क्षमता भिन्न होती है। कुछ लोग अधिक वायु ग्रहण करते हैं और कुछ लोग कम। इसमें एक संतुलन आवश्यक है ताकि आत्मिक अभिव्यक्ति संभव हो सके। गायत्री मंत्र से इस उद्देश्य की पूर्ति होती है।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने महिला दिवस सप्ताह का शुभारंभ किया



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज ने महिला दिवस के उपलक्ष्?य में महिला दिवस सप्ताह का उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया, स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की भावना के साथ महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए कॉलेज ने एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व डॉ. प्रिया गुप्ता, एम.डी. स्कॉलर, संत हिरदाराम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी ने किया। डॉ. प्रिया ने छात्राओं और प्राध्यापकों को हल्के व्यायाम और योगासन के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया। इस सत्र का उद्देश्य महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था, जिससे वे आत्मनिर्भर और सफल बन सकें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. डालिमा पारवानी ने महिला स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि महिला दिवस की शुरुआत महिला के स्वास्थ्य से होती है। यदि एक महिला शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ है, तो वह जीवन की किसी भी चुनौती का सामना कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाना नारी शक्ति के प्रति सच्ची श्रद्धा है।


# पूर्व क्षेत्र कंपनी को मिला हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड, लाइनमैन हुये सम्मानित




**भोपाल।** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर नई दिल्ली मे लाइनमैन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें देश की लगभग 70 डिस्कॉम, 28 ट्रांसमिशन कंपनी तथा 25 जनरेशन कंपनी ने भाग लिया। इसमें से म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर को हाई परफार्मिंग डिस्कॉम का अवार्ड मिला। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कंपनी के स्टॉफ को बधाई दी।

कंपनी को यह अवॉर्ड समस्त लाइनकार्मिकों को सुरक्षा किट प्रदान किये जाने, निरन्तर सुरक्षा, तनाव प्रबंधन, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम, वर्कशॉप सेमिनार आयोजित किय जाने, सुरक्षा मानकों को बेहतरीन ढंग से लागू किये जाने से दुर्घटना न्यूनतम रहने और कार्मिकों को उच्च शिक्षा के लिये बेहतर अवसर प्रदान करने पर मिला है। पूर्व क्षेत्र कंपनी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती नीता राठौर ने यह अवार्ड प्राप्त किया। समारोह में कंपनी के 3 लाइनमैनों श्री अनिल कुशवाहा मुक्तियारगंज वितरण केन्द्र रीवा क्षेत्र, श्री प्रहलाद वलाड़ी डिंडौरी (ग्रामीण) वितरण केन्द्र शहडोल क्षेत्र, श्री आजाद कुमार सकवार शहर संभाग (पूर्व) शहर वृत्त जबलपुर क्षेत्र को उनके द्वारा निस्वार्थ सेवा तथा विद्युत उपभोक्ताओं को सतत् विद्युत सप्लाई प्रदान करने के लिये किये गये निष्ठापूर्ण एवं साहसिक कार्य के लिये उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### सेवा सदन अस्पताल को स्व. मोहनलाल हरचंदानी के नेत्रों का दान



**संत हिरदाराम नगर।** नेहरू नगर, भोपाल निवासी मोहनलाल हरचंदानी का देहावसान सोमवार 3 मार्च को हो गया। दिवंगत के पुत्र अरूण हरचंदानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं। दिवंगत के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2202 दृष्टिबाधित लोगों को नि:शुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से प्रदेश के छोटे निवेशकों का भी बढ़ा आत्मविश्वास: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जय गंगा जल संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलेगा प्रदेश में

### सभी मंत्री प्रभार के जिलों में करें तैयारियों की समीक्षा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल से न केवल भारत बल्कि प्रदेश के छोटे से छोटे निवेशकों और प्रदेशवासियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने यूके, जर्मनी, जापान सहित सभी विदेशी मेहमानों, मंत्री गण, विभागीय अधिकारियों और प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबके सहयोग से हम बेहतर स्थिति में पहुंचे हैं। जीआईएस में उद्योग विभाग में 12.02 लाख करोड़, नवकरणीय ऊर्जा में 5.72 लाख करोड़, खनन एवं खनिज में 3.22 लाख करोड़, शहरी विकास में 1.9 लाख करोड़, ऊर्जा विकास में 1.74 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है। औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार, निवेश की प्रगति की निरंतर समीक्षा करेगी। मुख्यमंत्री स्तर से प्रत्येक दो माह में और मुख्य सचिव द्वारा प्रतिमाह समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्री को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक वंदे-मातरम के गान के साथ प्रारंभ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्रीगण ने भगवान श्री रामलला की प्रतिमा भेंट कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल और उपलब्धि पूर्ण आयोजन के लिए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण द्वारा अंगवस्त्रम भेंट कर अभिनंदन किया गया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अपने सभी वादे पूर्ण करने के लिए संकल्पित है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2600 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है, इसमें 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस है। इससे राज्य सरकार पर 1400 करोड़ रूपए का भार आएगा और लगभग 80 लाख मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गेहूं के समर्थन मूल्य को लेकर किसानों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, गेंहू उपार्जन का यह कार्य 15 मार्च से आरंभ होगा। इसी प्रकार प्रदेश में 6.70 लाख किसानों द्वारा 12.20 लाख हेक्टेयर में धान का उत्पादन किया गया है। धान किसानों को खरीफ वर्ष 2024 के लिये 4000 रुपए प्रति हेक्टेयर प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। इस पर लगभग 480 करोड़ की राशि व्यय होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मंगलवार को ही 16वें वित्त आयोग का प्रदेश में आगमन हो रहा है, आयोग 6 मार्च को सभी मंत्रीगण से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में संवाद करेगा। आयोग के सदस्य, निगम, जिला पंचायत सदस्यों और राजनीतिक दलों से भी मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च से 30 जून तक जय गंगा जल संवर्धन अभियान आयोजित होगा। अभियान में संपूर्ण प्रदेश में जल संरचनाओं का संवर्धन वृहद स्वरूप में किया जाएगा। उन्होंने मंत्रीगण को इस विषय में प्रभार के जिलों में बैठकें लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 26 फरवरी से 30 मार्च तक विक्रमोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुड़ी पड़वा पर्व 30 मार्च को उत्साह और उमंग से मनाने के लिए प्रभार के जिलों में व्यापक तैयारियां की जाएं।

### युवाओं और उद्योगों के बीच की दूरी होगी कम ,अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण एजेंसियों के साथ हुए एमओयू

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-भोपाल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और रोड-शो के परिणामस्वरूप, मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र बना। साथ ही कुशल मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाला आदर्श स्थान पर बन गया है। प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री और स्किल डेवलपमेंट को आपस में जोड़ते हुए इंडस्ट्री-रेडी वर्क फोर्स तैयार करने की दिशा में कई रणनीतिक साझेदारियां की हैं। इससे लाखों युवाओं को प्रत्यक्ष और परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जीआईएस-भोपाल में कौशल विभाग ने कई देशी-विदेशी एजेंसियों के साथ एमओयू किये। ये एजेंसियां आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए एडवांस ट्रेड्स एवं विधाओं का कौशल प्रशिक्षण देंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेशकों को कुशल वर्क फोर्स मिलेगा। जीआईएस में युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिये संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा 8 एमओयू साइन किये गये। इंडो-जर्मन ग्रीन स्किल्स (जीआईजेड) और कंपनी श्नाइडर इलेक्ट्रिक के सहयोग से ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में सिमुलेशन-बेस्ड ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। इससे इलेक्ट्रिशियन और सोलर तकनीशियन जैसे ट्रेड्स में कुशल युवाओं की मांग पूरी होगी। इसी प्रकार, जीआईजेड और सिमेंस इंडिया की साझेदारी आईटी प्रशिक्षुओं को इंडस्ट्री-रेडी ग्रीन स्किल्स प्रदान करेगी। इससे प्रदेश में सतत् और समावेशी व्यावसायिक कार्यक्रमों को मजबूती मिलेगी।

साइन्टेक टेक्नोलॉजीज और अपनाटाइम टेक प्रा. लि. के साथ मिलकर ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग और अपस्किलिंग की पहल की जा रही है। इससे इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिभा को विकसित किया जा सकेगा। यह कंपनी अपने डिजिटल भर्ती प्लेटफॉर्म से प्रदेश के युवाओं को संभावित नियोक्ताओं से जोड़ेगी, इससे रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल और व्यापक होगी। ग्वालियर के सरकारी डिविजनल आईटीआई में इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं को मार्तंडक सोलर एनर्जी प्रा. लि. द्वारा प्रशिक्षित एवं प्रायोजित किया जाएगा। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की मांग के बीच संतुलन स्थापित होगा। उन्नति फाउंडेशन स्वयम पोर्टल के माध्यम से रोजगार उन्मुख ऑनलाइन पाठ्यक्रम, साइकोमेट्रिक विश्लेषण और कैरियर गाइडेंस प्रदान कर रही है।

# ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना से क्षेत्र का कोना-कोना सिंचित होगा: मुख्यमंत्री



### विश्व की सबसे बड़ी ग्राउंड रिचार्ज परियोजना के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ जल्द ही होगा करार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना के लिए राज्य सरकार, महाराष्ट्र सरकार के साथ चर्चा कर समझौते की ओर आगे बढ़ रही है। विश्व की इस सबसे बड़ी ग्राउंड रिचार्ज परियोजना से क्षेत्र का कोना-कोना सिंचित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में पूर्व मंत्री तथा विधायक बुरहानपुर श्रीमती अर्चना चिटनिस के नेतृत्व में बुरहानपुर से भेंट के लिए आए कृषकों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से नवल सिंह सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित बुरहानपुर के प्रतिनिधियों ने भी भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकहित में शक्कर कारखाने का संचालन करने में सक्षम संचालक मंडल का गठन कर किसानों और क्षेत्रीय जनता के हित में कारखाने का संचालन किया जाए, राज्य सरकार हर संभव सहयोग के लिए तत्पर है। बुरहानपुर से आए किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से तरबूज और खरबूज के लिए आरबीसी (6-4) के मुआवजे में वृद्धि का आग्रह भी किया। सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल तथा विधायक सुश्री मंजू दादू भी इस अवसर पर उपस्थित रही।

# स्मार्ट मीटर और बिजली टैरिफ की दोहरी मार बिल में नहीं दिखेगा स्मार्ट मीटर का खर्च

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




पहली अप्रैल से बिजली उपभोक्ताओं पर दोहरी मार पड़ेगी। एक ओर बिजली की दरें बढ़ेंगी, दूसरी ओर स्मार्ट मीटर से खर्च बढ़ जाएगा। प्रस्तावित नए टैरिफ में स्मार्ट मीटर की लागत छुपी होगी, जिससे उपभोक्ता अनजाने में अधिक भुगतान करेंगे। चार साल पहले तक मीटर किराया हर माह लिया जाता था। अब इसे नए कनेक्शन शुल्क में जोड़ा जा रहा है। सिंगल फेस मीटर के लिए 801, थ्री फेस के लिए 2192 और बड़े कनेक्शन के लिए 20,393 तक वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा, दो नई व्यवस्थाओं टाइम ऑफ द डे टैरिफ (टीओडी) और टोटैक्स मॉडल से बिलों में वृद्धि होगी।

### 'टाइम ऑफ द डे टैरिफ' से बढ़ेगा बिल

इस व्यवस्था में सुबह 6-10 बजे और शाम 6-10 बजे के बीच बिजली की दरें सामान्य से 20त्न अधिक होंगी। वर्तमान में यह नियम केवल 10 किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं पर लागू है। लेकिन, अब इसे सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर लागू करने का प्रस्ताव है। टोटैक्स मॉडल के तहत मीटर की खरीद, स्थापना, आईटी नेटवर्क, रखरखाव, डेटा ट्रांसमिशन, साइबर सुरक्षा, बिलिंग और सॉफ्टवेयर अपग्रेड जैसी लागतें टैरिफ में जोड़ी जाएंगी। इससे बिजली बिलों में नई लागत जुड़कर टैरिफ महंगा हो जाएगा।

### स्मार्ट मीटर पर 18 प्रतिशत जीएसटी सहित वसूली

रिटायर्ड एडिशनल चीफ इंजीनियर राजेंद्र अग्रवाल के अनुसार, स्मार्ट मीटर की किश्त पर 18 प्रतिशत जीएसटी भी वसूला जाएगा। 7.5 साल में उपभोक्ताओं से कुल ?14,310 लिए जाएंगे। जबकि, रखरखाव और निगरानी शुल्क जोड़कर कुल लागत ?25,080 हो जाएगी।

### 754.32 करोड़ की मांग

बिजली कंपनी ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी लागत के लिए 754.32 करोड़ की टैरिफ पिटीशन दायर की है। इस रकम को उपभोक्ताओं के बिलों में अगले 7 से 10 वर्षों तक जोड़ा जाएगा। जनवरी में हुई सुनवाई में इस पर कई आपत्तियां भी दर्ज हुई हैं। एक्सपर्ट इसे अन्यायपूर्ण मानते हैं।

# राजघाट जल विद्युत गृह ने लगातार तीन वर्ष 100 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर रिकार्ड बनाया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के 45 मेगावाट क्षमता के राजघाट जल विद्युत गृह ने 26 वर्ष के इतिहास में प्रथम बार लगातार तीन वर्ष 100 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर रिकार्ड बनाया है। राजघाट जल विद्युत गृह ने वर्ष 2022-23 में 125.6 मिलियन यूनिट, वर्ष 2023-24 में 104.55 मिलियन यूनिट और वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में 101 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के जल विद्युत गृहों की कुल स्थापित क्षमता 915 मेगावाट है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने राजघाट जल विद्युत गृह के समस्त अभियंताओं व कार्मिकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन दर्ज

राजघाट जल विद्युत गृह अशोक नगर में बेतवा नदी पर स्थित है। इसकी प्रथम यूनिट 15 अक्टूबर 1999, द्वितीय यूनिट 29 सितंबर 1999 और तृतीय यूनिट 3 नवम्बर 1999 को स्थापित हुई थी। इस विद्युत गृह में उत्पादित होने वाली बिजली में मध्यप्रदेश का अंश लगभग 60 फीसदी है और शेष बिजली उत्तर प्रदेश को प्रदाय होती है। राजघाट जल विद्युत उत्पादन ने 26 वर्ष के इतिहास में वर्ष 2005-06 में सर्वाधिक 142 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया था।

### 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने किया सांची स्तूप और उदयगिरि का भ्रमण

# सांची के स्तूप प्रदेश में स्थापत्यकला का अद्‌भुत नमूना है: डॉ. पनगढ़िया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने सांची स्तूप की भव्यता और कलात्मक उत्कृष्टता को देखकर प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि सांची के स्तूप प्रदेश में स्थापत्यकला का अद्भुत नमूना है। यह ऐतिहासिक स्थल तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में महान सम्राट अशोक द्वारा निर्मित कराया गया था और बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण केंद्रों में से एक है। सांची के स्तूप अपनी उत्कृष्ट स्थापत्य शैली और अद्भुत शिल्पकारी के लिए प्रसिद्ध हैं। यहाँ मौजूद तोरण द्वार और जटिल नक्काशीदार स्तंभ बौद्ध जातक कथाओं और घटनाओं को दर्शाते हैं।

मंगलवार को16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया और सदस्य श्रीमती एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. सौम्य कांति घोष एवं डॉ. मनोज पांडा ने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल सांची स्तूप और ऐतिहासिक उदयगिरि गुफाओं का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदेश के गौरवशाली इतिहास से परिचय प्राप्त किया और भारतीय संस्कृति की समृद्ध धरोहर को नजदीक से देखा। इसके पूर्व वित्त विभाग के सचिव श्री लोकेश जाटव ने भोपाल आगमन पर आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों का एयरपोर्ट पर स्वागत किया। वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल ने लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से सांची स्तूप के इतिहास को एक रोचक कहानी के माध्यम से जाना। बौद्ध धर्म के विकास, सम्राट अशोक की धम्म नीति और सांची के ऐतिहासिक महत्व की गहरी जानकारी प्राप्त हुई।

### उदयगिरि गुफाओं में ऐतिहासिक धरोहर की झलक

आयोग के अध्यक्ष और प्रतिनिधियों ने उदयगिरि गुफाओं का भी भ्रमण किया। गुप्तकालीन इन गुफाओं में भगवान विष्णु और अन्य देवी-देवताओं की अद्भुत मूर्तियां उकेरी गई हैं, जो प्राचीन भारतीय कला और धर्म का अनुपम उदाहरण हैं। उदयगिरि की 20 गुफाओं में विशेष रूप से वाराह अवतार की विशाल प्रतिमा, जिसमें भगवान विष्णु पृथ्वी को समुद्र से निकालते हुए दिखाए गए हैं, ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वित्त आयोग के सदस्यों ने कहा कि सांची और उदयगिरि जैसे ऐतिहासिक स्थल भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के अमूल्य प्रतीक हैं। इन स्थलों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार भावी पीढ़ियों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# पुलिसकर्मियों ने टीआई को रिटायरमेंट पर बैंड-बाजे के साथ विदा किया, बग्गी से घर भेजा




**ग्वालियर।** सरकारी सेवा में किसी कर्मचारी की पूरे कार्यकाल में कार्यशैली कैसी रही, इसका पता उसके रिटायरमेंट पर चलता है। कर्मचारी के रिटायर होने के बाद यदि उसे किस तरह याद करते हैं, यह सबसे महत्वपूर्ण होता है। ग्वालियर में एक टीआई (थाना प्रभारी) के रिटायर होने पर स्टाफ ने उन्हें बेहद दिलचस्प तरीके से विदाई दी। रिटायरमेंट पर पुलिसकर्मी जमकर झूमे। बैंड-बाजा के साथ उन्हें बग्गी पर बैठाकर घर तक छोड़ा। इस अनोखे विदाई समारोह ने उनके काम करने के आखिरी दिन को हमेशा के लिए यादगार बनाया। बीते रविवार को कोतवाली के थाना प्रभारी रमेश सिंह रिटायर हुए थे। इसके बाद उनके साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें विदाई देने का प्लान बनाया, जो हमेशा के लिए यादगार बन गया। स्टाफ ने बैंड-बाजा वालों को बुलाया, बग्गी में बैठाकर घर तक पहुंचाया, मानो उनकी बारात लेकर ससुराल जा रहे हों। इस दौरान सभी पुलिसकर्मी ने जमकर डांस भी किया। साथियों के इस शानदार आयोजन को देखकर टीआई रमेश सिंह भी मस्ती से झूमने लगे। इस अनोखे आयोजन का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

# राज्य मंत्री जायसवाल ने नर्मदापुरम में किया रेशम कृषि मेले का शुभारंभ

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने नर्मदापुरम में रेशम कृषि मेला-2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से रेशम उद्योग के विकास को गति मिलेगी। रेशम कृषि मेला रेशम उद्योग की प्रगति को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है। यह मेला केंद्रीय रेशम बोर्ड वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश शासन के रेशम विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, उद्यमियों और अन्य हितधारकों को रेशम उत्पादन की नवीनतम तकनीकों और सर्वोत्तम प्रथाओं से अवगत कराना है। यह कार्यक्रम उन रेशम किसानों को सम्मानित करने के लिए भी आयोजित किया गया है, जिन्होंने रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



राज्यमंत्री जायसवाल ने मेले में रेशम उत्पादों की प्रदर्शनी स्टॉल का उद्घाटन किया। विभिन्न प्रकार के रेशम उत्पादों का प्रदर्शन किया गया था। साथ ही, लाभार्थियों को वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने के लिए प्रचार पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रेशम बोर्ड बेसिक टसर सिल्कवर्म सीड ऑर्गनाइजेशन, बिलासपुर और केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर के विशेषज्ञों द्वारा एक तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में मलबरी एवं टसर ककून उत्पादन की उन्नत तकनीकों, मेजबान पौधों की खेती, पालन-पोषण पद्धतियों, कोकून पश्चात प्रक्रियाओं तथा रेशम उप-उत्पादों की मूल्य संवर्धन श्रृंखला में उत्पाद विविधीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई।

मेले में करीब 400 हितग्राही, किसान शोधकर्ता, नीति-निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ शामिल हुए। मेले में प्रदर्शनी, तकनीकी व्याख्यान और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से रेशम उद्योग में सहयोग, ज्ञान आदान-प्रदान और नवाचार को प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, श्रीमती माया नरोलिया, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री विजयपाल सिंह, श्री ठाकुरदास नागवंशी तथा श्री प्रेमशंकर वर्मा उपस्थित थे। केंद्रीय रेशम बोर्ड के सदस्य सचिव श्री पी. शिवकुमार, आयुक्त रेशम श्री मोहित बुंदस, संभागायुक्त श्री कृष्ण गोपाल तिवारी एवं कलेक्टर सोनिया मीना भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।

# गेहूं उपार्जन के लिये 31 मार्च तक होगा पंजीयन : खाद्य मंत्री



**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 5 लाख 17 हजार 632 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की बिक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। उन्होंने बताया है कि गेहूँ की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से 5 मई तक होगी। गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और 175 रूपये प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा बोनस दिया जा रहा है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 31, खरगौन में 1616, बड़वानी में 99, अलीराजपुर में 46, खंडवा में 6079, धार में 15,940, झाबुआ में 2850, इंदौर में 27,075, मंदसौर 11,275, नीमच 3768, आगर-मालवा में 14,469, देवास में 26,904, रतलाम में 12,908, शाजापुर में 35,346, उज्जैन में 56,805, अशोकनगर में 1276, शिवपुरी में 1670, ग्वालियर में 1612, दतिया में 2288, गुना में 2199, भिंड में 2266, श्योपुर में 3260, मुरैना में 1025, जबलपुर 1471, बालाघाट 112, कटनी में 2093, पांढुर्णा 19, डिंडौरी में 658, छिंदवाड़ा में 3054, सिवनी में 8530, नरसिंहपुर में 6286, मंडला में 4598, हरदा में 1610, बैतूल में 3413, नर्मदापुरम में 27,222, विदिशा में 30,556, रायसेन में 31,197, राजगढ़ में 31,171, भोपाल में 17,182, सीहोर में 59,141, सतना में 2811, रीवा में 1894, सिंगरौली में 369, मऊगंज 94, मैहर में 924, सीधी में 1382, अनूपपुर में 103, उमरिया में 1447, शहडोल में 2246, पन्ना में 2416, निवाड़ी में 431, दमोह में 7636, टीकमगढ़ में 2705, छतरपुर में 3676 और सागर में 20,378 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## क्या मुखरता अपराध है...?

आजकल भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता तथा मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री प्रह्लाद पटेल का एक बयान चर्चा में बना हुआ है, जिसमें उन्होंने अपने स्वजातीय बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें लेने की बजाय देने की प्रवृत्ति को अपनाना चाहिए, भीख मांगने की प्रवृत्ति से हमें दूर रहना होगा। हमारे शहीदों का जीवन सदैव समाज और राष्ट्र को देने के लिए समर्पित रहा शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके चरित्र को अपने जीवन में उतारने की चेष्टा करें। किसी पारिवारिक सभा में एक सचेतक की भूमिका में बोलते समय दिए गए उद्बोधन के एक अंश को गलत रूप में उद्धृत करते हुए उसका राजनीतिक फायदा उठाने से पहले बयान की समग्रता को देखना और उसके संदर्भ को देखना भी आवश्यक होता है। प्रह्लाद पटेल के बयान के साथ यही नाइंसाफी हो रही है कि उसे केवल भीख शब्द के साथ प्रचारित किया जा रहा है, जबकि श्री पटेल ने स्वयं यह स्पष्टीकरण मीडिया के सामने दे दिया है कि वह अपने स्वजनों के बीच यह उद्बोधन दे रहे थे और उन्हें यह आवश्यक प्रतीत हुआ कि एक स्वावलंबी समाज को राष्ट्र को देने की प्रवृत्ति को बढ़ाना चाहिए। इस बयान को यदि समग्रता में देखा जाए तो पटेल ने यह उद्बोधन अपनी समाज को सचेत करते हुए दिया है न कि अपने मतदाताओं को संबोधित करते हुए।

प्रह्लाद पटेल के राजनीतिक कैरियर पर यदि एक नजर दौड़ाई जाए तो राजनीति के क्षितिज में लगभग दो दशक से पूर्व मां नर्मदा के अनन्य सेवक तथा आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत प्रोत युवा तुर्क के रूप में उनका अभ्युदय हुआ। तब से आज तक की उनकी राजनीतिक यात्रा स्वाभिमान से भरपूर तथा बेबाक बयानी के लिए जानी जाती रही है श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई उनके आदर्श हैं। बेबाक बयानी आज के परिवेश में आवश्यक प्रतीत होती है ऐसे दौर में जब सच को कहने में सभी राजनेता अपने को असहाय महसूस करते हैं तब खरी खोटी बात और वह भी अपने लोगों के बीच कहना अनुचित प्रतीत नहीं होता है। जहां राजनीति में इस प्रकार के वक्तव्यों को हतोत्साहित करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ती जा रही हो वहीं इसे सकारात्मक सोच के साथ अपनों के बीच दी गई एक सीख के रूप में स्वीकार करना समाज और राष्ट्र हित में प्रतीत होता है।

रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने बड़े स्पष्ट शब्दों में कहा है कि

सचिव, वैद्य, गुरु तीन जो
प्रिय बोलहिं भय आस।
राज, धर्म, तन तीन का
होहि बैग ही नाश।।

# सांस्कृतिक कूटनीति से मजबूत रणनीतिक और आर्थिक संबंधों के संदेश



■ डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

वैदेशिक मामलों के जानकार

लिथुआनिया यूरोप महाद्वीप के उत्तरी भाग में बाल्टिक सागर के किनारे स्थित एक देश है। यह तीन बाल्टिक देशों में से सबसे बड़ा है। भारत पूर्वी यूरोप में महत्त्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों के प्रवेश द्वार के रूप में लिथुआनिया की रणनीतिक स्थिति का लाभ उठाने की कूटनीतिक कोशिशें लगातार कर रहा है। भक्ति और विरासत के महाकुम्भ में दुनिया भर के कई देशों के राजनयिकों ने भाग लिया और गंगा स्नान किया। भारत में लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविकिएने ने महाकुम्भ में शामिल होकर कहा की यह सौभाग्य है कि मैं भारत में हूं। यह दृश्य मेरी आंखों और आत्मा के लिए गौरवान्वित करने वाला है। यह निश्चित रूप से भारतीय धरोहर और संस्कृति को दर्शाता है,जिस पर गर्व होना चाहिए। लिथुआनियाई और संस्कृत भाषाएं दोनों देशों के बीच भाषायी समानताएं साझा करती हैं। ईसाई प्रधान लिथुआनिया में प्रकृति की पूजा की जाती है और त्रिमूर्ति परकुनास,पैट्रिम्पास एवं पिकुओलिस का गहरा सम्मान किया जाता है। भारत से करीब छह हजार किलोमीटर दूर स्थित इस देश से भारत की सांस्कृतिक सामीप्यता को लिथुआनिया की राजदूत ने भी महसूस किया।

प्रयागराज महाकुम्भ में भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउचिनो भी शामिल हुई। उन्होंने आध्यात्मिक अनुभव का अद्भुत साक्षात्कार करते हुए कहा कि मैं इस महत्वपूर्ण समारोह में भाग लेकर प्रसन्न हूं। यहां की परंपराओं का पालन करके बहुत खुशी भी हो रही है। अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका में स्थित एक देश है। क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से दक्षिणी अमरीका का ब्राजील देश के बाद द्वितीय विशालतम देश है। अर्जेंटीना में भारतीय संस्कृति,योग,ध्यान,दर्शन, अध्यात्म,नृत्य और संगीत के प्रति प्रशंसा और प्रभाव शायद किसी भी अन्य देश से कहीं अधिक है। आर्ट ऑफ लिविंग,ब्रह्मकुमारी,राम कृष्ण मिशन,शिवानंद योग और इस्कॉन जैसे भारतीय संगठनों के असाधारण अनुयायी हैं। वैज्ञानिक विकास की होड़ में भारत की मजबूती के लिए अर्जेंटीना का बड़ा महत्व है। लिथियम धरती के अंदर नमकीन जलाशयों और सख्त चट्टानों से निकाला जाता है। ये ऑस्ट्रेलिया,चिली और अर्जेंटिना जैसे देशों में बड़ी मात्रा में पाया जाता है। ऊर्जा परिवर्तन के लिए लिथियम को सबसे महत्वपूर्ण और इकलौते खनिज के तौर पर जाना जाता है। दुनिया का आधे से अधिक लिथियम का भंडार दक्षिणी अमेरिका के तीन देशों चिली,बोलीविया और अर्जेंटीना में है। इन तीनों ही देशों को लिथियम ट्राएंगल कहा



जाता है। अर्जेंटीना में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लिथियम का भंडार है जबकि उसके पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिथियम का रिज़र्व और चौथा सबसे बड़ा उत्पादन केंद्र है। भारत और अर्जेंटीना के बीच लिथियम की खदान के लिए एक बेहद अहम समझौता हुआ है और भारत की सरकारी कंपनी खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड अर्जेंटीना के केतामार्का प्रांत में पांच खदानों का विकास करेगी और खनन कर रही है। प्रयागराज महाकुम्भ में अमेरिका, रूस, यूक्रेन, जापान, जर्मनी, फ्रांस, ब्राजील, मलेशिया, न्यूजीलैंड, इटली,कनाडा,स्विट्जरलैंड,थाईलैंड,फिजी,फिनलैंड,गयाना,मॉरीशस,सिंगापुर,संयुक्त अरब अमीरात,श्रीलंका,दक्षिण अफ्रीका समेत कई देशों के राजनयिकों और अन्तर्राष्ट्रीय दलों ने भाग लिया। यूरोपीय संघ,दक्षेस,नाटो,क्वाड,हिम तक्षेस,जी-,जी-20 और ब्रिक्स के देशों के बीच व्यापक रणनीतिक प्रतिद्वंदिता और राजनतिक मतभेद होने के बाद भी भारत के आध्यामिक उत्सव में सभी के शामिल होने के व्यापक और गहरे संदेश है।

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। विभिन्न देश अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे समान सोच वाले राष्ट्रों के साथ मिलकर काम करते है। संकट की घड़ी में,युद्द के समय आदि एक दूसरे के साथ होते है। संयुक्तराष्ट्र,नाटो,सिएटो या वारसा पैक्ट या आर्थिक आधार पर जो देश साथ साथ आये है उनके आर्थिक,सामाजिक या राजनीतिक हित रहे है। लेकिन इसमें से कोई भी संगठन वैश्विक स्तर पर सार्वभौमिकता या सांस्कृतिक समन्वय स्थापित करने में सफल नहीं हो सका है और आज यह सबसे बड़ी जरूरत बन गया है। दो वर्ष पहले भारत ने जी-20 की अध्यक्षता शुरू करने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया से कहा था कि भारत एक पृथ्वी,एक परिवार,एक भविष्य की भावना पर आधारित एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा। भारत ने आध्यात्म और शांति के कुंभ में सभी के सामूहिक गंगा स्नान को सुनिश्चित करने से वैश्विक स्तर पर यह संदेश गया कि भारत वैश्विक स्तर पर धार्मिक और सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देता है,जो एकता और शांति का संदेश फैलाता है। यह देखने में आया है कि दुनिया के कई भागों में सांस्कृतिक टकराव बढ़ा है और इससे आसन्न मानवीय संकट उठ खड़ा हुआ है। एशिया,अफ्रीका और यूरोप के कई देशों में आंतरिक और बाह्य रूप से सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान हिंसक संघर्षों का मुख्य कारण बनती जा रही है। भारत अनादि काल से संस्कृति,आस्था,आस्तिकता और धर्म का महान उपदेशक देश है। ऐसे में कुंभ के संदेश मानवता की रक्षा के लिए सभी को संकल्पित करते है।

कुंभ एक बड़े सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जागरूकता का हिस्सा है। विदेशों में भी कई लोग इसे एक आध्यात्मिक यात्रा के रूप में मानते हैं,जो उन्हें आत्मज्ञान,शांति और संतुलन प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। भारतीय योग,ध्यान और प्राचीन साधनाओं के प्रति बढ़ती रुचि भी कुंभ मेले के प्रति विदेशों में आकर्षण का एक कारण है। दुनिया के कई देशों के लोग कुंभ मेले को देखकर आनन्दित और अचम्भित हुए है,इससे भारत में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीदें बढ़ गयी है। धार्मिक पर्यटन का महत्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से बल्कि सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी बहुत बड़ा है। यह पर्यटकों को न केवल आध्यात्मिक लाभ प्रदान करता है,बल्कि विभिन्न प्रकार से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान भी करता है। जब लोग विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से एक ही स्थान पर इकट्ठा होते हैं तो यह आपसी समझ,सहिष्णुता, और सम्मान को प्रोत्साहित करता है। धार्मिक पर्यटन स्थानीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा स्तंभ है। तीर्थयात्रियों के आने से स्थानीय व्यापार,होटल,रेस्टोरेंट,परिवहन,गाइड सेवाएं और अन्य उद्योगों को लाभ होता है। भारत में धार्मिक पर्यटन से होने वाली आय ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दे सकती है। पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों से आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं, जिससे सामाजिक विकास होता है। वैदेशिक हस्तियों के कुंभ में शामिल होने से भारत में धार्मिक पर्यटन के सुदृढ़ होने और इससे आर्थिक लाभ बढने की उम्मीदों को मजबूती मिली है। प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा है, यह सामाजिक,सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत फायदेमंद है। महाकुंभ से जुड़े सामाजिक और सांस्कृतिक लाभों के साथ-साथ यह पर्यटकों के लिए भी एक अद्वितीय अनुभव प्रदान करता है जो भारत की पहचान को वैश्विक स्तर पर उजागर करता है।

भारत के रणनीतिक,राजनीतिक और आर्थिक हित विभिन्न आयामों में विस्तृत हैं और यह देश की राष्ट्रीय सुरक्षा,विकास और वैश्विक स्तर पर प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत के रणनीतिक,राजनीतिक और आर्थिक हित आपस में जुड़े हुए हैं और देश के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा,वैश्विक राजनीतिक प्रभाव और आर्थिक समृद्धि के लिए रणनीतिक और नीति-निर्माण की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है। इन हितों को संतुलित करना और वैश्विक बदलावों के साथ तालमेल बनाए रखना भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करता है। कुंभ का सांस्कृतिक आयोजन भारत के लिए अपने वैश्विक संबंधों को व्यापकता देने का अवसर था,जिसे सांस्कृतिक कूटनीति के जरिए बखूबी योजनापूर्वक अंजाम भी दिया गया।

दुनिया के कई देशों के राजनयिकों और धर्मावलम्बियों का प्रयागराज कुंभ में शामिल होने से भारत की अंतर्राष्ट्रीय साख को मजबूती मिली है। यह एक संकेत है कि भारत एक शक्तिशाली और सम्मानित देश है जिसकी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर दुनिया भर में सम्मानित है। प्रयागराज में करोड़ों धर्मावलम्बियों के शामिल होने और इस आयोजन के शांतिपूर्ण सम्पन्न होने से दुनिया में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। सबसे बड़ी जनसंख्या वाले देश भारत की विविधता सबसे बड़ी ताकत है और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। कुंभ में वैश्विक नेताओं की दिलचस्पी और भागीदारी के स्पष्ट संदेश है कि भारत के प्रति विश्व की दृष्टि सकारात्मक और सम्मानजनक है। इसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति,राजनीतिक प्रभाव,सांस्कृतिक विरासत और रणनीतिक क्षमता ने भारत को वैश्विक मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी बना दिया है।

## प्राकृतिक असंतुलन से मिलते संकेत

राकेश दुबे

हम सबकी प्यारीधरती के लिए यह चेतावनी है कि अब भी समय है, संभल जाओ, यदि अब भी नहीं संभले, तो जलवायु परिवर्तन का यह संकट लगातार गहराता चला जायेगा। तब इसका मुकाबला कर पाना बहुत मुश्किल होगा।जलवायु परिवर्तन अब समूची दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। इसके लिए प्रकृति प्रदत्त मानव संसाधनों का बेतहाशा उपयोग और जंगलों का निर्ममता से किया गया अत्यधिक कटान तो जिम्मेदार है ही, इसमें भौतिक संसाधनों के सुख की मानवीय चाहत और विभिन्न क्षेत्रों के प्रदूषण के योगदान को भी नकारा नहीं जा सकता।

बढ़ता वैश्विक तापमान और उसके चलते मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव का दुष्प्रभाव जीवन के हर पक्ष पर पड़ रहा है। इससे हमारा पर्यावरण, जीवन, रहन-सहन, भोजन, पानी, और स्वास्थ्य पर प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

जीवन का कोई भी पक्ष इसके दुष्प्रभाव से अछूता नहीं है। असलियत में जलवायु परिवर्तन से बदलता मौसम भोजन, स्वास्थ्य और प्रकृति को जो नुकसान पहुंचा रहा है, उसकी भरपाई फिलहाल तो आसान नहीं दिखाई देती। हां, इसके चलते प्राकृतिक असंतुलन के कारण जन्मी आपदाएं भयावह रूप जरूर अख्तियार करती जा रही हैं जो तबाही का सबब बन रही हैं।

आजादी के बाद के 70 सालों में जलवायु परिवर्तन से भारत में ही आपदाओं में आठ गुणा से भी ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसका खुलासा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत संगठन 'आई फारेस्ट' की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक आजादी के बाद के शुरुआती सालों में जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदा यानी बाढ़, चक्रवात, हीटवेव आदि की तादाद कुल मिलाकर 27 ही थी, लेकिन उसके बाद के बरसों में इनकी तादाद बढ़कर आठ गुणा का आंकड़ा पार कर गयी। इसमें 1998 में गुजरात में व 1999 में ओडिशा में आये भीषण चक्रवात से हुई तबाही, 2013 में उत्तराखंड में आई जल प्रलय और 2014 में आये हुदहुद और अम्फान नामक आये भीषण चक्रवात से हुई तबाही व 2019 में जून से सितम्बर के बीच मानसून मौसम में 110 फीसदी से अधिक हुई बारिश से देश के 14 राज्य बाढ़ के भीषण प्रकोप से प्रभावित रहे। फानी तूफान के कहर तथा 1998, 2002, 2003 और 2015 में हुई भीषण तापमान वृद्धि और भीषण लू की घटनाओं को लोग भूले नहीं हैं।

यदि हम वर्ष 1991 से 2000 तक जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं का जायजा लें तो इस दौरान 96 आपदाओं का देश को सामना करना पड़ा। जबकि उसके बाद वर्ष 2020 तक देश की जनता को 210 आपदाओं का कहर झेलना पड़ा।

वर्ष 2024 तो देश के लिए अभूतपूर्व गर्मी की मार वाला रहा, अप्रैल से जुलाई तक सबसे खराब और सबसे लम्बे समय तक चलने वाली गर्मी की लहरों यानी भयंकर लू की मार सहने को देश विवश हुआ। इस दौरान देश के 741 जिलों में से लगभग 500 जिलों का दैनिक तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पर्यावरण और मानवाधिकार संगठन 'जर्मन वॉच' के क्लाइमेट इंडेक्स से खुलासा हुआ है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में जिनमें डोमिनिका, चीन, होंडुरास, म्यांमार, इटली, ग्रीस, स्पेन, वानुआतू और फिलीपींस शामिल हैं, में छठे स्थान पर है और यहां साल-दर-साल आपदाएं विकराल होती जा रही हैं।

बीते तीन दशकों में अकेले भारत में जलवायु परिवर्तन से जन्मी मौसमी आपदाओं से देश को कुल 180 अरब डालर का नुकसान हुआ और औसतन 4,66,45,209 लोग प्रभावित हुए। 1993 से 2022 के बीच देश में हुई चरम मौसमी घटनाओं में करीब 80 हजार लोगों की जानें गयीं। जबकि दुनिया में आठ लाख लोग मौत के मुंह में चले गये और 4.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। इन आपदाओं से सालाना 2000 डॉलर का देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ रहा है, साथ ही 2675 जिंदगियां हर साल इनकी शिकार होती हैं।

पिछले तीन दशक सबूत हैं कि ग्लोबल साउथ के देश विशेष रूप से चरम मौसमी घटनाओं से जूझ रहे हैं। हम जलवायु संकट के अप्रत्याशित और महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह समाज को अस्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कहना सही है कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य अब भी पहुंच से बाहर हैं। यही कारण है कि जलवायु आपदा टालने में दुनिया पिछड़ रही है। समय की मांग है कि समूचा विश्व समुदाय सरकारों पर दबाव बनाये ताकि वे समझ सकें कि इस दिशा में हम पिछड़ रहे हैं और तेजी से आगे बढ़ने की ज़रूरत है। यदि वैश्विक प्रयास तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने में कामयाब रहे तो भी दुनिया के 96.1 करोड़ लोगों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या होगी। सबसे बड़ा सवाल लोगों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाने का है। यूरोपीय मानवाधिकार अदालत का भी मानना है कि दुनिया के देशों का दायित्व है कि वे अपने नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाने का हर संभव प्रयास करें।

# एकता का महाकुंभ- युग परिवर्तन की आहट

राकेश शर्मा

66 करोड़ की आस्थावान भक्तों की संख्या ने 45 दिन में प्रयाग में संगम तट पर आस्था एवं विश्वास की डुबकी लगाकर ना केवल गिनीज बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर ना भूतो , ना भविष्यति को चरितार्थ कर दिया बल्कि युग परिवर्तन की दस्तक भी दे दी ।

मोदीजी ने ठीक ही कहा की एकता का महाकुंभ - युग परिवर्तन की आहट ।

सनातन और हिंदुओं की यह एकता , आस्था, विश्वास और समर्पण देखकर सदैव जातीय जनगणना ,पीडीए और एमवाई फैक्टर की बात कर हिंदू एकता को खंडित करने वाला विपक्ष बैचेन है ,बौखला गया है और ऊल जलूल बातें कर रहा है । हर वह हथकंडा अपना रहा है की इस महाकुंभ एवं इसके सफल आयोजन को कैसे बदनाम कर सके।

बानगी तो देखिए ममता बनर्जी ने इसे मृत्यु कुंभ कहा, राहुल के कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा क्या महाकुंभ से ग़रीबी दूर हो जाएगी, लालू ने कहा महाकुंभ फालतू की चीज़ है, अखिलेश तो इस बार के महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों , विशालता और व्यापकता को देखकर इतने परेशान, हैरान और निराश हो गए की उन्होंने तो इसके प्रारंभ होने से दो महीने पहले से ही इस महाकुंभ का दुष्प्रचार प्रारंभ कर दिया था और अपने एक वोट बैंक को साधने के चक्कर में 45 दिन चले इस महायज्ञ के बारे में प्रतिदिन खिसियाहट और खीझ के साथ नकारात्मक बुलेटिन जारी कर महाकुंभ के सफल आयोजन पर अपनी खीझ उतारी, उसे अपनी पीडीए की राजनीति हाथ से फिसलती नज़र आ रही थी और साथ ही 2027 में उत्तर प्रदेश के सत्ताधीश की घोषणा करने वाले की सत्ता भी । महाकुंभ के विरोध का मुझे तो एकमात्र कारण यही दिखता है । अखिलेश यादव ने ही नहीं इसके प्रवक्ताओं बी भी बगैर हकीकत जाने अपने आका को खुश करने के लिए जैसी जैसी बातें विभिन्न मंचों से की उससे इनका अपना कट्टर वोट बैंक भी निराश है । वह सभी महा कुंभ में स्नान करने गए लेकिन समाजवादीयों के समर्थक होने के कारण नहीं बल्कि सनातनी और हिंदू आस्था के कारण गए और उन्होंने वहाँ देखा की महाकुंभ में कोई जात पात, अमीर ग़रीब, रंग, राज्य , ऊँच नीच का भेद मिटाकर सभी एक साथ एकता और आस्था की डुबकी लगा रहे थे और यही इनके दिलों और दिमाग़ों को जला रही थी । लेकिन ज़मीनी हकीकत को समझने के बजाय यह सभी एक धर्म विशेष के वोट बैंक को साधने में लगे रहे । इनके एक चहेते नेता अफ़ज़ल अंसारी ने तो कटाक्ष करते हुए यहाँ तक कह दिया की संगम में डुबकी लगाने के कारण सबके पाप धुल गए हैं अब तो नरक खाली हो गया होगा जिसका जवाब भाजपा प्रवक्ताओं ने यह कहकर दिया की समाजवादियों और महाकुंभ का विरोध करने वालों के लिए नरक में अभी बहुत जगह खाली है ।

खैर, जनता के विश्वास के कारण अब यह सारे विपक्षी नेता चर्चा के योग्य भी नहीं बचे हैं । 66.30 करोड़ स्नार्थियों ने यह दिखा दिया की 2024 के आम चुनाव में वोट डालने वाले 66.20 लाख वोटरों की संख्या से भी इनकी संख्या अधिक है । जिन लोगों ने महाकुंभ में अमृत डुबकी लगाई वह सभी सनातन और हिंदुत्व के संदेशवाहक बनने जा रहे है । कहा जा रहा विश्व और भारत के हर हिंदू परिवार से एक ना एक व्यक्ति ने तो अवश्य गंगा, यमुना और सरस्वती माँ के आँचल में संगम आकर आचमन अवश्य किया है ।

सदियों की गुलामी के बाद हिंदू एकता और आस्था का ऐसा खुला प्रदर्शन पूरे विश्व में पहली बार हुआ है, सदियों की आदि सनातन ने गुलामी की मानसिकता तोड़कर दिखा दिया की वह स्वतंत्रता में सांस लेने को व्याकुल है और यही विकसित भारत के मील का पत्थर भी बनेगा । सभी सनातनी हिंदुस्तानी भारत को विकसित देखना चाहते हैं।

यह विपक्षी रुदाली तो चलती रहेगी और इसके लिए विपक्ष स्वयं ही जिम्मेवार है । लेकिन देखिए मानवीय इतिहास का सबसे बढ़ा महासंगम जिसमें 66.30 करोड़ लोगो ने अमृत स्नान किया इसने आज तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े । पिछली बार 2013 के कुंभ स्नान में केवल तेरह करोड़ लोगों ने ही स्नान किया था जो इस बार पाँच गुना बढ़ गया । यह अमेरिका की जनसंख्या का दुगना था, यूरोप की जनसंख्या से ज़्यादा था, उत्तर प्रदेश की जनसंख्या का दुगने से भी अधिक था और प्रयाग के स्वागत सत्कार की दाद देनी पड़ेगी की जिस प्रयाग की कुल जनसंख्या ही 15 लाख है उन्होंने अपने आँचल में 66.30 करोड़ लोगों का



आलिंगन किया और अपना परिवार मानते हुए हँसी हँसी सारी तकलीफ़े सही लेकिन उफ़्फ़ नहीं किया, मुस्कराते ही रहे।

योगी जी और मोदी जी जो स्वयं साधक हैं उन्होंने इस महाकुंभ का सफलतम आयोजन कर दिखा दिया की सनातन की संकल्प शक्ति क्या कुछ नहीं कर सकती । कुछ राक्षसी प्रवर्ति्त के लोगों की भद्दी, अभद्र और महाकुंभ, सनातन विरोधी टिप्पणियों पर उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई उद्धरित करते हुए कहा की जो जिस भाव से महाकुंभ आया उन्होंने वही देखा , जाकि रही भावना जैसी प्रभु मूरत तिन देखहीं तैसी ।

महाकुंभ में आस्थाओं और विश्वास के दर्शन करने थे तो स्वयं वहाँ जाना था । मैं सड़क मार्ग से गया था और जो जनसैलाब, चेहरे पर सन्तोष का भाव, खिलखिलाहट और खुशी मैंने देखी वह अभूतपूर्व थी। और यही नए युग की आहट है।

डेढ़ दो सौ किलोमीटर के इलाक़े में तीन लाख करोड़ के व्यापार ने यहाँ की अर्थव्यवस्था और रोज़गार को एक गति प्रदान की है। एक लड़के ने तो बग़ैर किसी पूंजी के दातुन बेचकर लाखों कमाये । यह ताक़त थी इस महाकुंभ की । प्रयाग के अलावा लोग काशी, अयोध्या, विंध्याचल माँ, चित्रकूट, मथुरा वृंदावन भी गए । इसी को सनातन और हिंदुओं की तीर्थाटन अर्थव्यवस्था कहा जाता है जो आस्था और विश्वास के गर्भ में पुष्पित पल्लवित होकर जन्म लेती है।

मोदी जी एवं योगी जी के अलावा इस महायज्ञ को पूर्ण करने में जिन हज़ारों लाखों लोगों ने महीनों से अनवरत तपस्या की वह सभी बधाई के पात्र हैं । आप सभी बगैर किसी लालच के सामने आये नहीं होते तो यह संभव नहीं होता । मैं विशेषकर पुलिस, सफाई कर्मचारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों को साधुवाद देता हूँ।

आशा करता हूँ की यह सनातन का नवजागरण विकसित भारत के स्वप्न को नई गति देगा । हमें भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, विरासत पर गर्व है । अंत में भारत के साधु, संतों, गुरुओं, ऋषियों , तपस्वियों के चरणों में प्रणाम किए बिना मैं इस लेख को विराम नहीं दे सकता जिन्होंने विषम परिस्थितियों में इसके आयोजनकर्ताओं को सम्बल दिया ।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो



ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरुस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# कॉलोनी में विकास कार्य नहीं कराने वाले कॉलोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

## जनसुनवाई में कलेक्टर विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं का किया निराकरण

**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया। कुछ आवेदनों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आए रायसेन के रामनगर कॉलोनी के निवासियों ने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा को आवेदन देते हुए बताया कि कॉलोनाईजर द्वारा कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। कॉलोनी में पानी की समुचित निकासी नहीं होने के कारण वर्षभर जलभराव की समस्या होती है। साथ ही सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण आवागमन में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर द्वारा नगर पालिका अधिकारी को संबंधित कॉलोनाईजर के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।




इसी प्रकार जनसुनवाई में आए ग्राम अरवरिया टोला निवासी मोहर सिंह, रानू बाई, घनश्याम, मुकेश सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर विश्वकर्मा को ग्राम में नलकूप लगवाने संबंधी आवेदन देते हुए बताया कि उनके ग्राम में नलकूप नहीं होने के कारण बहुत परेशानी होती है। ग्रामीणों को दूर-दूर से पानी लेकर आना पड़ता है। कलेक्टर द्वारा ई पीएचई को जांच कर नियमानुसार आवश्यकतानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए जिससे कि ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। जनसुनवाई में आयीं रायसेन निवासी नूर अख्तर ने भूमि का सीमांकन कराकर प्रदान करने संबंधी आवेदन देते हुए बताया कि सिलवानी तहसील के ग्राम रमपुरा खुर्द में खसरा क्रमांक 45 रकबा 21.43 एकड़ शामलात खाते की भूमि हैं, जिस पर कब्जा किया गया है। भूमि के मालिकाना संबंधी केस का न्यायालय तहसीलदार सिलवानी एवं कमीश्नरी भोपाल से फैसला उनके पक्ष में आया है, इसके उपरांत भी उनकी भूमि का ना तो सीमांकन किया गया है और ना ही कब्जा प्रदान किया गया है। कलेक्टर द्वारा तहसीलदार सिलवानी को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 96 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अधिकांश आवेदन सीमांकन, नामांतरण, पीएम आवास योजना, आर्थिक सहायता, विद्युत, अवैध कब्जा सहित योजनाओं का लाभ नहीं मिलने संबंधी थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार सहित डिप्टी कलेक्टर और जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से वीसी के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ और सीएमओ सहित खण्डस्तरीय अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

## नहर में पानी छोड़ने से ग्राम पटवार के कई खेतों में पानी भरा, किसानों ने एनवीडीए से मुआवजा मांगा



**धार।** इलाके के ग्राम पटवार में सोमवार की रात में कुछ किसानों के खेतों में नहर में छोड़ा गया पानी भर गया। जिससे खेत में डालर चने की काट कर रखी हुई फ़सल को नुकसान पहुंचा। किसानों ने इसे एनवीडीए विभाग की लापरवाही बताते हुए मुआवजे की मांग की है। जबकि, नहर समिति क्र 16 के अध्यक्ष महादेव पाटीदार का कहना है कि कुछ लोगों ने नहर के दोनों किनारों पर भी फसल बोदी है। वे न तो रास्ता देते हैं और न नहरों की सफाई करने देते है। किनारे पर हल बख्खर चलाकर फसलें बो रहे हो। नहर से भी पशुओं के लिए चारा निकालते हैं। पाटीदार ने बताया कि उन्होंने इस ओर पूर्व में भी एनवीडीए का ध्यान आकर्षित कराया था। जबकि ग्राम पटवार के किसान जितेन्द्र वास्केल, संजय और नवल सिंह का कहना है कि जब उन्हें खेत में पानी की जरूरत होती है, तब एनवीडीए नहर में पानी नहीं छोड़ता, अब जबकि फ़सल आ चुकी है तो नहर में पानी छोड़ा गया। इससे उनके खेत में काट कर रखी हुई डालर चने की फ़सल नहर के पानी के रिसाव के कारण खराब हो गई। उन्होंने क़र्ज़ लेकर फसल बोई थी।राजस्व विभाग सर्वे कर एनवीडीए से हमें मुआवजा दिलाए। इस संबंध में एनवीडीए के अधिकारियों ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का हुआ आयोजन



**सांध्य प्रकाश.इटारसी.** सरकार कि योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को 10 वर्ष पूरे होने पर 22 जनवरी से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है , इसी तारतम्य में आंगनबाड़ी केंद्र 80 पर आयोजन किया गया ।इस दौरान सेक्टर पर्यवेक्षक चेतना दिवारे द्वारा बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर महामारी स्वच्छता प्रबंधन एवं जागरूकता , जेंडर समानता शाला, त्यागी बालिकाओं का शाला में प्रवेश, मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जानकारी दी गई । पर्यवेक्षक द्वारा बताया गया की पीसीपीएनडीटी एक्ट में प्रसव पूर्व गर्भधारण और प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम 1994 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । आयोजन उद्देश्य लिंग आधारित हत्या को रोकना और भारत के घटते लिंगानुपात को सुधारना है। कार्यक्रम में शाला की बालिकाओं द्वारा पौधा रोपण भी कराया गया , कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से एएनएम सपना राठौर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू सराठे, रितु पथोरिया ,दीपा आठनेर ,शकुन नागवंशी ,सोनम घोड़के ,गांव की समस्त बालिका एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## 12वीं की छात्रा परीक्षा के दौरान हुई बेहोश,जवानों ने उपचार के लिए पहुंचाया अस्पताल



**दमोह।** दमोह के देहात थाना क्षेत्र के शासकीय स्कूल उमरी में परीक्षा के दौरान कक्षा 12वीं की एक छात्रा बेहोस हो गई है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 4-03-2025 को दोपहर12.22 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना देहात क्षेत्र में तैनात वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। आरक्षक अभिषेक जैन एवं पायलेट - कोमल अहिरवार ने मौके पर पहुँचकर बताया शासकीय स्कूल उमरी में परीक्षा के दौरान कक्षा 12वीं की एक छात्रा बेहोस हो गई थी। जवानों ने एफआरव्ही वाहन से शासकीय अस्पताल दमोह लेकर आये। जवानों की तत्परता से पीड़ित छात्रा को समय पर उपचार मिला ।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति बैठक संपन्न

**सिवनी।** कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री बैठक का आयोजन मंगलवार 4 मार्च को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में कलेक्टर जैन ने बैंकवार सेक्टरवार लोन वितरण की स्थिति का अवलोकन कर शासन के प्राथमिकता वाले क्षेत्र में अधिकतम ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बैंकर्स को केसीसी, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन सहित शासन की प्राथमिकता वाली योजना में अधिकतम ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर जैन ने सिवनी नगरपालिका क्षेत्र के पीएनबी बैंक में लम्बित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के ऋण वितरण के आवेदनों को तत्काल निराकृत करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत नवजीवन विजय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सभी बैंकों प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## वन परिक्षेत्र सूपखार में गश्ती के दौरान मिला नर बाघ का शव

**मंडला।** कान्हा टाइगर रिजर्व से मिली जानकारी के अनुसार वन भूमि कक्ष क्रमांक 319 बीट पटुवा, वृत पटुवा, वन परिक्षेत्र सूपखार में वन अमले के द्वारा गश्ती के दौरान नर बाघ मृत पाया गया। डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की गई। वन्यजीव चिकित्सक डॉ. संदीप अग्रवाल कान्हा टाइगर रिजर्व मण्डला, डॉ. राकेश वारेश्वा ब्लाक विटनरी अधिकारी बिरसा के द्वारा बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। बाघ की मृत्यु का प्रथम दृष्ट्या कारण बाघों के आपसी संघर्ष में जबड़े की नीचे की हड्डी टूटने से चोट द्वारा प्रतीत होता है। बाघ को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार शवदाह/भस्मीकरण की कार्यवाही क्षेत्र संचालक रवीन्द्रमणि त्रिपाठी, उपसंचालक पुनीत गोयल, सहायक संचालक फेन मुकेश कुमार जामोर, जे.सी. भगत तहसीलदार बैहर, परशुराम चौहान एन.टी.सीए. प्रतिनिधि, चन्द्रेश खरे वन्यप्राणी अभिरक्षक (मानद), श्री संतराम मरावी सरपंच पटुवा व क्षेत्रीय अमले की उपस्थिति में की गई।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री के लिए सवा 5 लाख किसानों ने कराया पंजीयन, गेहूं उपार्जन के लिए 31 तक होगा पंजीयन: खाद्य मंत्री राजपूत



**भोपाल।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि अभी तक 5 लाख 17 हजार 632 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं।

मंत्री श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि गेहूँ की विक्री के लिए समय-सीमा में पंजीयन जरूर करायें। उन्होंने बताया है कि गेहूँ की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से 5 मई तक होगी। गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जायेगी। इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और 175 रूपये प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा बोनस दिया जा रहा है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिला बुरहानपुर में 31, खरगौन में 1616, बड़वानी में 99, अलीराजपुर में 46, खंडवा में 6079, धार में 15,940, झाबुआ में 2850, इंदौर में 27,075, मंदसौर 11,275, नीमच 3768, आगर-मालवा में 14,469, देवास में 26,904, रतलाम में 12,908, शाजापुर में 35,346, उज्जैन में 56,805, अशोकनगर में 1276, शिवपुरी में 1670, ग्वालियर में 1612, दतिया में 2288, गुना में 2199, भिंड में 2266, श्योपुर में 3260, मुरैना में 1025, जबलपुर 1471, बालाघाट 112, कटनी में 2093, पांढुर्णा 19, डिंडौरी में 658, छिंदवाड़ा में 3054, सिवनी में 8530, नरसिंहपुर में 6286, मंडला में 4598, हरदा में 1610, बैतूल में 3413, नर्मदापुरम में 27,222, विदिशा में 30,556, रायसेन में 31,197, राजगढ़ में 31,171, भोपाल में 17,182, सीहोर में 59,141, सतना में 2811, रीवा में 1894, सिंगरौली में 369, मऊगंज 94, मैहर में 924, सीधी में 1382, अनूपपुर में 103, उमरिया में 1447, शहडोल में 2246, पन्ना में 2416, निवाड़ी में 431, दमोह में 7636, टीकमगढ़ में 2705, छतरपुर में 3676 और सागर में 20,378 किसानों ने पंजीयन कराया है।

## थाना क्षेत्र कान्हीवाड़ा में आपराधिक गतिविधियों में इजाफा से क्षेत्रीयजन परेशान

**सिवनी।** जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों का बोलबाला दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। अवैध शराब, गौ तस्करी, जुआ-सट्टा जैसे अपराध क्षेत्र में खुलेआम फल-फूल रहे हैं, लेकिन इन अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह असफल साबित हो रहा है। क्षेत्रीय जनता का कहना है कि थाना प्रभारी ओमेश्वर ठाकरे अपराध रोकने में पूरी तरह विफल रहे हैं। आठ महीने से अधिक समय से पदस्थ रहने के बावजूद, अपराधों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। चोरी, लूट, अवैध शराब बिक्री, गौ तस्करी और सट्टेबाजी जैसी गैरकानूनी गतिविधियां बेलगाम हो चुकी हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार जोरों पर है। क्षेत्र के कई गांवों में अवैध शराब की भट्टियाँ धड़ल्ले से संचालित की जा रही हैं, जहां से नशीले पदार्थों की सप्लाई हो रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पुलिस को इन अवैध गतिविधियों की पूरी जानकारी है, लेकिन थाना प्रभारी कोई ठोस कदम उठाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। गौ तस्करी का नेटवर्क इस क्षेत्र में तेजी से फैलता जा रहा है। गौवंश की तस्करी कर उन्हें प्रदेश के बाहर भेजा जा रहा है, लेकिन पुलिस इस पर कार्रवाई करने से बच रही है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे संगठनों ने इस मुद्दे पर कई बार विरोध प्रदर्शन किए हैं, लेकिन प्रशासन कान में तेल डाले बैठा है। कान्हीवाड़ा क्षेत्र में जुआ और सट्टा का नेटवर्क मजबूत हो चुका है।

### एसवीएटी 11 पुणे को हराकर क्वार्टर फाइनल में पुलिस प्रशासन लीजेंड

## लाल बहादुर स्टेडियम में अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट राजीव कप टूर्नामेंट




**सांध्य प्रकाश बैतूल।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप मे मंगलवार को खेले गए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल ने एसवीएटी 11 पुणे को शानदार अंदाज में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस मुकाबले में एसवीएटी पुणे ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करते हुए 35 ओवर में 315 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दीपक ने शानदार बैटिंग करते हुए महज 50 गेंदों में 100 रन बनाये। और श्रेयांश गुप्ता ने 49 गेंदों में 79 रन बनाए। पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल के गेंदबाज अंकुर सिंह ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लेकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 7 ओवर में मात्र 55 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट लिये वहिं पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल टीम ने आक्रामक बैटिंग की और सिर्फ 30.3 ओवर मे ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के स्टार बल्लेबाज रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी रितेश गुडगे ने 55 गेंदों में 93 रन बनाये।और टीम को शुरुआत मिली। उनके आउट होने के बाद अंकुर सिंह और अक्षय शिंदे ने मोर्चा संभालते हुए 110 रनो की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। अंकुर सिंह ने 32 गेंदों मे 56 रन बनाए जबकि अक्षय शिंदे ने कुल 24 गेदों मे 61 रन बनाकर मैच समाप्त कर दिया। आयोजक समिति के मुख्य किरदार ऋषि दिक्षित ने बताया कि अंकुर सिंह के ऑलराउंड प्रदर्शन से उन्हें मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। वहीं दीपक के शानदार शतक के लिए युवा समाज सेवी पुनीत खंडेलवाल और डायनेमिक्स फिटनेस के संचालक वरुण वर्मा ने उन्हें 1000-1000 रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया।

आज टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि पत्रकार इरशाद हिंदुस्तानी रिशु नायडू, गौरी बालापुरे राज कावड़कर, पिंटू मंसूरे, सदन आर्य, पप्पू आर्य उपस्थित रहे। कॉमेंट्री विक्की पवार और अभिजीत राठौर ने किया। ऑनलाइन स्कोरिंग हर्षित पंडाग्रे और ऑफलाइन स्कोरिंग आयुष चढ़ोकर ने किया। ग्राउंड मैनेजमेंट बॉबी जेधे ने संभाला। सौरभ मेहता और अन्नू गुबरेले का विशेष योगदान रहा। जीत के साथ पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल ने क्वार्टर फाइनल मे पक्की कर ली है। अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप के तहत 5 मार्च को सचिन क्लब भोपाल और वर्धा क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला होगा।

## रास्ते पर बने दो अतिक्रमणों को नगरपालिका ने पुलिस के पहरे में तोड़ा



**सांध्य प्रकाश. इटारसी।** नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड 14 में दो प्रभावशाली लोगों ने 100 परिवारों के मकान पर पहुंचने वाले रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा था जिस पर नपा कि जेसीबी का पंजा चला। नगरपालिका टीम में अध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा, एई मीनाक्षी चौधरी अतिक्रमण तुडवाने के लिए मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान किसी तरह का उपद्रव न हो इसलिए पुलिस का पहरा भी था। उल्लेखनीय है कि वार्ड 14 के एक हिस्से में करीब 100 परिवार रहते हैं, उनके मुख्य रास्ते को बंद कर मकान बना लिए गए थे, जिससे रहवासियों को नया रास्ता समरसता नगर से होकर आना पडता था। अब अतिक्रमण टूटने से वे सीधे मुख्य मार्ग पर आ सकेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि नागरिकों की काफी समय से शिकायत थी कि उनके निकलने वाली सड़क पर दो लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। जिस पर कार्रवाई करते हुए दोनों अतिक्रमण जेसीबी से तोड़ दिया गया।

**पीआईसी के निर्णय-** अटल पार्क से नवग्रह दुर्गा मंदिर तक रोड कहलाएगी लाड़ली लक्ष्मी पथ, सड़क का हो रहा है सौंदर्यीकरण , पीआईसी ने सरकारी जमीन को कूट रचना कर बेचने के मामले में दोषी करार दिए आरआई संजीव श्रीवास्तव को सेवा से बर्खास्त करने का लिय निर्णय , स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर एक आने के लिए नपा तेज करेगी काम ।

## सीएम राइज स्कूल में हरी झंडी दिखाकर नि:शुल्क बस सेवा का विधायक ने किया शुभारंभ




**आष्टा।** नगर के सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में मंगलवार को क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवनसिंह मंडलोई, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, जनपद उपाध्यक्ष गजराज सिंह पटेल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनि विषाल चौरसिया, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेष राठौर, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, अमित मंकोड़ी, रोगी कल्याण समिति सदस्य उत्थान धारवां, सहायक संचालक प्रमोद सिंह, बी.आर.सी.सी. अजब सिंह राजपूत की उपस्थिति में सर्वप्रथम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। प्राचार्य सितवत खान द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि सी.एम. राइज़ स्कूल शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस विद्यालय में वो समस्त सुविधाएं है, जो पूर्व में एक कान्वेंट स्कूल में मिला करती थी, आज सी.एम. राइज़ स्कूल में विधायक महोदय के अथक प्रयासो से विद्यार्थियों को उनके घर से विद्यालय आने एवं जाने के लिए निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग दो हजार विद्यार्थी निःशुल्क बस सेवा से लाभांवित होंगे। सभी बसें नई एवं गुणवत्तापूर्ण है। यह बस प्रत्येक विद्यार्थी जो कि सी.एम. राइज़ विद्यालय शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा से 20 किलो मीटर के दायरे में निवास करता है, बस उन विद्यार्थियों को विद्यालय लाने एवं पुनः उनके घर छोड़ने की व्यवस्था करेगी।

इस अवसर पर सी.एम. राइज़ स्कूल में बस सेवा शुभारंभ पर पधारे क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा म.प्र. का सबसे बड़ा सी.एम. राइज़ विद्यालय भवन आष्टा में बनाया गया है, जिसका लोकार्पण भी शीघ्र किया जायेगा। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आज निःषुल्क बस सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक इंजीनियर ने बताया कि पूर्व के समय में सरकारी स्कूल में इतनी सुविधा नही हुआ करती थी, लेकिन हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के हक में षिक्षा की गुणवत्ता के लिए सी.एम. राइज़ विद्यालय की स्थापना की एवं निःषुल्क बस सेवा योजना लागू की, जिसका लाभ आष्टा अंचल के सभी विद्यार्थी ले सकेंगे।

कार्यक्रम में पधारे जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई ने कहा कि सी.एम. राइज़ स्कूल शासन की तरफ से आष्टा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी सौगात है, जिससे ग्रामीण एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को हिन्दी के साथ साथ अंग्रेजी माध्यम में भी गुणवत्तापूर्ण षिक्षा प्रदान की जा रही है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वह मेहनत करने से पीछे नही रहे। मैं भी इस विद्यालय में पढ़ा हूं। हम जब पढ़ते थे, तब सरकारी स्कूलों में इस प्रकार की परिवहन व्यवस्था नही थी, हम पैदल विद्यालय आते थे, और विद्या अर्जित करके जाते थे। वर्तमान में शासन द्वारा सरकारी स्कूलों में निःषुल्क सायकल, गणवेष, छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जा रही है। केवल विद्यार्थी को मन लगाकर पढ़ना है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेष राठौर ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि सी.एम. राइज़ के माध्यम से इस विद्यालय में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है, उसे ठीक से ग्रहण कर अपने कॅरियर निर्माण की दिषा में निरंतर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने कहा कि वो भी इसी विद्यालय में पढ़े है किन्तु आज जिस प्रकार की षिक्षा एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियां सी.एम. राइज़ विद्यालय में करवाई जा रही है, उस स्तर की षिक्षा एवं अन्य गतिविधियां शासकीय स्कूलों में नही थी। शासन द्वारा एवं विधायक महोदय के प्रयासो से आज इस विद्यालय को निःशुल्क बस सेवा के रूप में एक नई सौगात मिली है। विद्यार्थी निःषुल्क बस सेवा का लाभ लेंगे और मन लगाकर अपनी पढ़ाई करें।

## महिला एवं बाल विकास से संचालित योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें : कलेक्टर



**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं की परियोजनावार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने परियोजना प्रभातपट्टन में पूर्व निर्देशों के बावजूद प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के पंजीयन में प्रगति कम पाए जाने पर परियोजना अधिकारी प्रभातपट्टन को सेवा से पृथक किए जाने का नोटिस देने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को दिए। उन्होंने सीडीपीओ प्रभातपट्टन को सख्त निर्देश दिए कि तीन दिवस के अंदर प्रगति न लाने पर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में हितग्राहियों के पंजीयन में प्रगति कम पाए जाने पर परियोजना अधिकारी चिचोली और शाहपुर की वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश दिए। कलेक्टर सूर्यवंशी ने सभी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को सख्त हिदायत दी कि महिलाओं और बच्चों से जोड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में थोड़ी सी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में तीन दिवस के अंदर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोषण ट्रैकर ऐप में सभी हितग्राहियों का पंजीयन शीघ्र कराएं। टेक होम राशन का भी हितग्राहियों को सुचारू रूप से वितरण कराए। सभी परियोजना अधिकारी अपने क्षेत्र में कुपोषित बच्चों का विशेष ध्यान रखें। निरंतर उनकी सभी आवश्यक जांच की जाए और उन्हें पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराएं। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर कुपोषित बच्चों की स्थिति में सुधार के सार्थक प्रयास किए जाएं। सभी आंगनबाड़ियों का व्यवस्थित संचालन कराए। आंगनबाड़ियों में स्वच्छ पेयजल और क्रियाशील शौचालय की व्यवस्था रहें।

## बजाज एलियांज लाइफ बना बीमा-एएसबीए सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता

**पुणे , एजेंसी।** भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज एलियांज लाइफ, बीमा-एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट (बीमा—एएसबीए) सुविधा शुरू करने वाला पहला बीमाकर्ता बन गया है। यह उपलब्धि भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) की उस पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य संचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इरडाई की इस पहल के तहत पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं। इसके जरिए वे अपने बैंक खाते में एक तय राशि (2 लाख रुपए तक) ब्लॉक करने की अनुमति देते हैं। यह पैसा तब तक खाते में ही रहेगा जब तक बीमा कंपनी अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी कर प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर लेती। इस बारे में बात करते हुए बजाज एलियांज लाइफ के एमडी और सीईओ तरुण चुघ ने कहा, 2047 तक सबके लिए बीमा के लक्ष्य के अनुरूप, इरडाई पारदर्शिता, भरोसे और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन कदम उठा रहा है। ये उपाय ग्राहकों को और अधिक लाभ पहुंचाने और समूची बीमा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए किए गए हैं। बीमा-एएसबीए इस दिशा में एक अहम पहल है, जिसका हम स्वागत करते हैं।

## लीजेंड्स ऑफ शिवा विद अमीशः केदारनाथ से काशी तक, अविनाशी आदियोगी के रहस्यों का खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** नॉन-फ़िक्शन केटेगरी में आगे रहने वाली कंपनी वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, अमीश के साथ पूरे गर्व से लीजेंड्स ऑफ़ शिवा का शुभारंभ कर रही है, जो इसकी प्रशंसित लीजेंड्स सीरीज़ का लेटेस्ट एडिशन है। लीजेंड्स ऑफ़ रामायण की ज़बरदस्त सफलता के बाद, यह तीन-भाग की सीरीज़ दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगी। इसे मशहूर लेखक अमीश त्रिपाठी होस्ट करेंगे। शो 3 मार्च 2025 से हर सोमवार रात 9 बजे डिस्कवरी चैनल और डिस्कवरी+ पर आएगा। यह उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से होकर गुजरता है, जहाँ शिव के कुछ सबसे पूज्य मंदिर स्थित हैं। उत्तराखंड में, अमीश शिव के प्रतीक, विरासत और समय से परे उनके प्रभाव की खोज करते हैं। उनकी यात्रा चोराबारी ताल की रहस्यमय ऊंचाइयों से शुरू होती है, जहाँ कहा जाता है कि शिव ने अस्तित्व के रहस्यों को साझा किया था। फिर वे केदारनाथ के पवित्र ज्योतिर्लिंग तक पहुँचते हैं, जहाँ उनकी कथा सदियों से संजोई गई है। अमीश एक प्राचीन गुफा में भी जाते हैं, जिसके बारे में माना जाता है कि वह ब्रह्मांड कि सबसे बड़ी रहस्यमयी जगह है।

## गारंटीड इनकम लाइफ इंश्योरेंस 2025 में आपके वित्तीय पोर्टफोलियो को कैसे मजबूत कर सकता है

**मुंबई, एजेंसी।** नए साल का स्वागत करते हुए यह आपकी वित्तीय यात्रा और भविष्य की योजनाओं का मूल्यांकन करने, दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता को प्राथमिकता देने का सही समय है। वित्तीय संकल्प निर्धारित करना एक आम परंपरा है, लेकिन यह सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि उन संकल्पों के पीछे ठोस रणनीतियां हों। अपने पोर्टफोलियो में गारंटीड इनकम लाइफ इंश्योरेंस प्लान को शामिल करना एक समझदारी भरा कदम है, जो आपको और आपके प्रियजनों को न केवल सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि वांछित वित्तीय मुक्ति प्राप्त करने के लिए पूरे नए साल में निरंतर, विश्वसनीय विकास भी प्रदान करता है। नए साल की खूबसूरती नए सिरे से शुरुआत करने के अवसर में निहित है, और एक गारंटीड इनकम प्लान को एकीकृत करने से आपको अपने सपनों और आकांक्षाओं को आत्मविश्वास के साथ पूरा करने के लिए आवश्यक आश्वासन प्रदान करने में मदद मिल सकती है। चाहे आप किसी बड़ी उपलब्धि की तैयारी कर रहे हों, धन संचय कर रहे हों, अपनी सेवानिवृत्ति को सुरक्षित कर रहे हों, या बस अपने भविष्य को सुरक्षित करने की सोच रहे हों, एक गारंटीड इनकम लाइफ इंश्योरेंस प्लान आपकी वित्तीय सफलता की आधारशिला हो सकती है।

## सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन के पांच नए एक्सक्लूसिव फास्ट चैनल लॉन्च

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग टीवी प्लस, जो सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी ( फास्ट) सेवा है, ने वार्नर ब्रदर्स के साथ मिलकर सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर विशेष रूप से पांच नए फास्टचैनल लॉन्च किए हैं। ये डब्लूबीटीवी चैनल स्ट्रीमिंग दर्शकों को बेहतरीन कहानियाँ और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करते हैं। हिंदी कंटेंट पर विशेष जोर देने के साथ, ये नए चैनल क्षेत्रीय और शहरी दोनों दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के हेड, पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट, कुणाल मेहता ने कहा, हमें सैमसंग टीवी प्लस पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन का स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। फास्ट श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हम अपने दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी न केवल दर्शकों के लिए मनोरंजन के अधिक विकल्प प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर अनुभव और आसान एक्सेस भी देगी। साथ ही, यह विज्ञापनदाताओं के लिए नए अवसर भी लेकर आएगी।

## हर गांव रोशन सीएसआर परियोजना के तहत सिग्निफाई ने छतरपुर में 55 गांवों को सोलर और एलईडी लाइट्स रोशनी से रोशन किया


**छतरपुर।** लाईटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई ने अपने ब्राइटरलाईव्सबैटरवर्ल्ड विज़न के अंतर्गत छतरपुर जिला, मध्य प्रदेश के 55 गाँवों को रोशन किया है। रोशनी की यह व्यवस्था कंपनी के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम, 'हर गाँव रोशन' के अंतर्गत की गई है। इस पहल का लाभ 70,000 लोगों को मिलेगा। इन सस्टेनेबल लाईटिंग समाधानों से महिला सुरक्षा, पर्यटन, सुरक्षा, और सामाजिक-आर्थिक विकास में वृद्धि होगी। निखिल गुप्ता, हेड ऑफ मार्केटिंग, स्ट्रेट्जी, सरकारी मामले एवं सीएसआर, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''सिग्नफाई में हम लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए लाइट की परिवर्तनकारी शक्ति में यकीन रखते हैं। इन गाँवों में सस्टेनेबल लाइटिंग समाधान स्थापित करके हमारा उद्देश्य हर किसी के लिए एक ज्यादा सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है।

# मप्र की 7 स्मार्ट सिटी में सुशासन के लिए कंट्रोल सेंटर और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

**भोपाल।** प्रदेश में 7 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। चिन्हित शहरों में सुशासन और नागरिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिये आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन चयनित शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और इंटेलिजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है। नगरीय सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिये अब एआई तकनीक का भी उपयोग किया जायेगा। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मोदी ने मंगलवार को दी।

उन्होंने बताया कि आईसीसीसी तकनीक से स्मार्ट सिटीज शहरों में नागरिक सेवाओं के क्रियान्वयन पर सतत् निगरानी का कार्य किया जा रहा है। नागरिक सेवाओं में डेटा संचालन और निर्णय लेने में भी यह बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे है। आईसीसीसी और आईटीएमएस प्रणाली के संचालन के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा एजेंसी का चयन किया गया है। इन दोनों प्रणालियों में रियलटाइम में डेटा एकत्र कर त्वरित कार्यवाही करने की क्षमता है। इन प्रणालियों के जरिये स्मार्ट सिटी में जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी शहर की सेवाओं की लगातार निगरानी की जाना संभव हुआ है।

केन्द्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (एनडीयूएम) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को शामिल करने का निर्णय लिया है। एआई तकनीक से नागरिक सेवाओं को को और बेहतर किया जा सकेगा??। आईसीसीसी तकनीक स्मार्ट सिटी में अपशिष्ट संग्रह वाहनों की वास्तविक समय की ट्रेकिंग को सक्षम बना रहा है, जिससे समय पर कचरा निपटान और सफाई सुनिश्चित हो रही है। भविष्य में इन केन्द्रों को स्वचलित अलर्ट स्वच्छता




संबंधी मुद्दों को तुरंत निराकृत करने में सक्षम किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी में जल वितरण और रिसाव का पता लगाने वाली प्रणालियों को कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी में रखा जा सकेगा। इससे पानी के अपव्यय को काफी हद तक कम करने और शहर में पानी की समान रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। इसी के साथ आईसीसीसी के माध्यम से स्मार्टग्रिड और स्ट्रीटलाइट ऑटोमेशन ऊर्जा की खपत को कम करने और विद्युत वितरण व्यवस्था को और दक्ष बनाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं?।

वर्तमान में 7 स्मार्टसिटीज में आईसीसीसी के साथ एकीकृत निगरानी प्रणाली अपराध की रोकथाम और यातायात प्रबंधन में मदद कर रही है। कोविड-19 के दौरान समस्त स्मार्ट सिटी के कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर ने स्टेट वार रूम के रूप में सेवा देकर सराहनीय कार्य किया है।

प्रदेश की 7 स्मार्ट सिटी में आईटीएमएस द्वारा भीड़-भाड़ को कम करने, दुर्घटनाओं को कम करने और शहरी गतिशीलता को बेहतर बनाने के लिये लगातार काम किये जा रहे हैं। इस प्रणाली के माध्यम से ट्रैफिक सिग्नल और रियल टाइम ट्रै?फिक का विश्लेषण भी किया जा रहा है। सातों स्मार्टसिटीज में 303 स्थानों पर 2301 कैमरे लगाये गये हैं। पिछले 3 वर्षों में इस प्रणाली के माध्यम से करीब 27 लाख 25 हजार ई-चालान की कार्रवाईयां की गई हैं। स्मार्ट सिटी शहरों में नागरिकों से जुड़ी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिये विभिन्न तकनीकों का एकीकरण किये जाने के भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## हेमकुंट फाउंडेशन ने प्रयागराज में महाकुंभ घाटों की सफाई कर दिखाया हिंदू-सिख एकता का उदाहरण



**प्रयागराज, एजेंसी।** सेवा और सामुदायिक एकता की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए, हेमकुंट फाउंडेशन की 10 सिख स्वयंसेवकों की टीम ने 14 घंटे का सफर तय कर प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ के घाटों की सफाई की। इस पहल ने न केवल दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक की स्वच्छता सुनिश्चित की, बल्कि हिंदू-सिख एकता का भी प्रतीक बनाया। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु पवित्र नदियों में डुबकी लगाने आते हैं, जिससे घाटों पर काफी कचरा जमा हो जाता है। इस पवित्र स्थल की शुद्धता बनाए रखने के महत्व को समझते हुए, हेमकुंट फाउंडेशन की टीम ने दिन-रात मेहनत कर घाटों की सफाई की, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस सेवा के बारे में हेमकुंट फाउंडेशन के संस्थापक, हरतीरथ सिंह ने कहा सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। हमारा धर्म हमें यह सिखाता है कि हम मानवता के लिए खड़े हों, चाहे कोई भी जाति या धर्म हो। महाकुंभ के घाटों की सफाई केवल कचरा प्रबंधन नहीं था, बल्कि यह एक पवित्र स्थल का सम्मान करने और इस संदेश को मजबूत करने का प्रयास था कि जब दूसरों की सेवा करने की बात आती है, तो हम सभी एक हैं। हेमकुंट फाउंडेशन की इस पहल को तीर्थयात्रियों और स्थानीय प्रशासन ने खूब सराहा। उनकी नि:स्वार्थ सेवा एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि कैसे छोटे-छोटे नेक कार्य समुदायों को जोड़ सकते हैं और मानवता की भावना को सर्वोपरि बनाए रख सकते हैं।

## मध्यप्रदेश पुलिस के e-Rakshak App को मिला FICCI स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** में 4 मार्च 2025 को आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस के अत्याधुनिक e-Rakshak App को प्रतिष्ठित FICCI स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ द्वारा पुलिसिंग में डिजिटल नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस वर्ष इस पुरस्कार के लिए सम्पूर्ण भारत से 200 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे, जिनका गहन मूल्यांकन करने के पश्चात मध्यप्रदेश पुलिस के e-Rakshak App को इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर जी.के. पिल्लई पूर्व गृह सचिव, भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश पुलिस के चंचल शेखर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, भोपाल को इस अभिनव पहल के लिए FICCI स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने प्रसन्नता व्यक्त की और एससीआरबी के समस्त अधिकारियों को बधाई दी।




जनता की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए MP e-Rakshak – The Smart Cop App" विकसित किया गया है। यह ऐप बीट स्तर पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें अपराधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान में मदद करता है। पहले पुलिसकर्मियों को अपराधियों की पहचान मुख्य रूप से व्यक्तिगत अनुभव और जान-पहचान के आधार पर करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस ऐप के माध्यम से संपूर्ण मध्यप्रदेश के अपराधियों की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध हो जाती है। इससे संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की त्वरित वेरिफिकेशन संभव हो पाती है, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है।

**आदतन अपराधियों की जानकारी:** पुलिसकर्मी अपने कार्यक्षेत्र में मौजूद अपराधियों की पूरी जानकारी ऐप के माध्यम से देख सकते हैं। गश्त के दौरान त्वरित पहचान: किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नाम को अपराधियों के डेटाबेस में सर्च किया जा सकता है। Face Recognition Module: किसी भी आरोपी की फोटो अपलोड करने पर उससे मिलते-जुलते अपराधियों के रिकॉर्ड तत्काल प्राप्त किए जा सकते हैं। फोटो मिलान के बाद डेटा सुरक्षित रूप से हटा दिया जाता है। Vehicle Search: वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन नंबर या चेसिस नंबर से उसकी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह सुविधा RTO डेटाबेस से भी जुड़ी हुई है, जिससे चोरी या अपराध में शामिल वाहनों की त्वरित पहचान हो सके।

इस महत्वपूर्ण तकनीकी नवाचार को विकसित करने में श्री हेमंत चौहान (उप पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो), आर. एस. प्रजापति (सहायक पुलिस महानिरीक्षक), प्रांजलि शुक्ला (सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस), इंद्रा नामदेव (निरीक्षक, सीसीटीएनएस), हीरा सिंह ठाकुर (सहायक उपनिरीक्षक), सुरेंद्र रघुवंशी (सहायक उपनिरीक्षक) एवं अर्शदीप सिंह (प्रधान आरक्षक) का विशेष योगदान रहा। इस पुरस्कार से मध्यप्रदेश पुलिस को डिजिटल पुलिसिंग में अपनी भूमिका को और अधिक सशक्त करने की प्रेरणा मिलेगी।

## ब्लू चिप स्टॉक्स के लिए मोमेंटम रणनीतिः सैमको म्यूचुअल फंड लार्ज कैप एनएफओ लॉन्च करेगा

**मुंबई, एजेंसी।** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सैमको लार्ज कैप फंड के लिए न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) लॉन्च किया है, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो लार्ज-कैप शेयरों में निवेश पर केंद्रित है। एनएफओ 5 मार्च, 2025 से 19 मार्च, 2025 तक खुलेगा। फंड का लक्ष्य सैमको के प्रोपराइटी सी.ए.आर.ई. का लाभ उठाते हुए शीर्ष 100 लार्ज-कैप कंपनियों के विविध पोर्टफोलियो का निर्माण करके लंबे समय में निवेश पर रिटर्न प्रदान करना है। उच्च गुणवत्ता, विकास-संचालित अवसरों की पहचान करने के लिए मोमेंटम स्ट्रेटेजी का उपयोग होगा। लार्ज-कैप सेगमेंट एक पसंदीदा निवेश माध्यम बना हुआ है, जो बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच स्थिरता और लगातार रिटर्न प्रदान करता है। भारत की अर्थव्यवस्था विकास पथ पर है, लार्ज-कैप फंडों ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया है, जो मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ स्थापित व्यवसायों द्वारा समर्थित है। निवेशक जोखिम और रिवॉर्ड को संतुलित करना चाहते हैं। एक अच्छी तरह से संरचित लार्ज-कैप पोर्टफोलियो दीर्घकालिक धन सृजन का एक महत्वपूर्ण घटक बना हुआ है। लॉन्च पर सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, मौजूदा बाजार माहौल में भारत में लार्ज-कैप शेयरों की कीमत मिड और स्मॉल कैप की तुलना में आकर्षक हो गई है, जो एक आकर्षक निवेश अवसर पेश करता है। मिड और स्मॉल कैप द्वारा महत्वपूर्ण बेहतर प्रदर्शन की अवधि के बाद उस सेगमेंट में मूल्यांकन बढ़ गया है, जबकि बड़े कैप बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न और स्थिरता प्रदान करते हैं।

## स्टडी ग्रुप के शैक्षणिक साझेदार फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी भारतीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का अनुभव प्रदान कर रही है

**मुंबई एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन करियर के अवसरों की तलाश कर रहे भारतीय छात्रों के लिए फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी एक शानदार शिक्षा केंद्र है। स्टडी ग्रुप का यह सहयोगी विश्वविद्यालय भारत और अन्य देशों के छात्रों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह अपने नवाचारों और शोध में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। विविधता को प्रोत्साहित करने के कारण इसे फ्लोरिडा का सबसे विविधतापूर्ण सार्वजनिक विश्वविद्यालय भी माना गया है। फरवरी 2025 में, कार्नेगी क्लासिफिकेशन ऑफ इंस्टीट्यूशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा फ्लोरिडा अटलांटिक को रिसर्च 1 (आर1) श्रेणी में रखा गया। आर1 दर्जा अमेरिका में किसी भी विश्वविद्यालय के लिए शोध के क्षेत्र में सबसे बड़ा सम्मान है। इस श्रेणी में उन्हीं संस्थानों को शामिल किया जाता है, जो अत्यधिक उच्च शोध गतिविधि वाले होते हैं। पूरे अमेरिका में केवल 187 विश्वविद्यालयों को ही यह प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त है। फ्लोरिडा अटलांटिक को शोध के लिए 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का अनुदान मिला है, जो इसके नवाचार और शोध के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## क्रोमा ने आपके शहर में लाई एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा

**मुंबई ।** क्रोमा ने अपने उपभोक्ताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए एयर कंडीशनर और कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू की है। क्रोमा की गैजेट और छोटे उपकरणों की त्वरित डिलीवरी सेवा सफलतापूर्वक चल रही है, उसी को आगे बढ़ाते हुए अब इस ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए गर्मी से राहत पाना आसान बना दिया है। क्रोमा के उपभोक्ता अब बिना किसी देरी के तुरंत ठंडक का आनंद ले सकते हैं!

अपने मन चाहे चैनल से खरीदारी करने का बहुत ही आसान शॉपिंग अनुभव प्रदान करने के लिए क्रोमा हमेशा प्रयास करता रहता है, इन्हीं प्रयासों के तहत, अब आपके नज़दीकी क्रोमा स्टोर, ष्ह्मश्चद्गड्ड.ष्व्द्ग और टाटा नेउ ऐप पर शाम 6 बजे से पहले ऑर्डर किए गए चुनिंदा एसी और एयर कूलर की डिलीवरी उसी दिन करने की सुविधा दी जा रही है।

इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड (क्रोमा) के सीईओ शिबाशीष रॉय ने कहा, गर्मियां बढ़ रही हैं, आपको उनसे तुरंत राहत दिलाने के लिए एसी और एयर कूलर की उसी दिन डिलीवरी की सुविधा हम प्रस्तुत कर रहे हैं। क्रोमा को आपके और भी करीब लाने के हमारे प्रयासों का यह एक हिस्सा है। हमें बहुत खुशी हो रही है कि 28 शहरों में उसी दिन डिलीवरी की सुविधा शुरू हो रही है।

## सोनी लिव ने 'महारानी 4' का टीज़र जारी किया

**मुंबई एजेंसी।** महारानी लौट आई है और सोनी लिव द्वारा जारी नए टीज़र में साफ नजर आ रहा है कि वह पहले से 'याजदा ताकतवर है। 'महारानी 4' में रानी भारती के रूप में हुमा कुरैशी अपने अब तक के सबसे प्रभावशाली अंदाज़ में नज़र आ रही हैं। एक अनपढ़ गृहिणी से सत्ता को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री बनने तक का उसका सफर बेमिसाल रहा है। सत्ता के लिये संघर्ष, साजिशों और राजनीति के नए-नए मोड़ के साथ, यह सीज़न निश्चित रूप से अब तक का सबसे रोमांचक सीजन होने वाला है!

## पोको ने लांच किया पोको एम7 5जी

**मुंबई एजेंसी।** भारत का प्रमुख परफॉर्मेंस के दम पर चलने वाला स्मार्टफोन ब्रांड, पोको अपने नए पोको एम7 5जी के लॉन्च के साथ एक बार फिर बजट सेगमेंट में हलचल मचा रहा है। यह फोन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो कम कीमत में ज्यादा खूबियां चाहते हैं। पोको एम 7 5जी सिर्फ 9999 की अविश्वसनीय कीमत पर मिलेगा और यह अपने सेगमेंट में सबसे बड़ा 6.88 इंच का डिस्प्ले और 120 एम7 5 का अल्ट्रा-स्मूथ एडाप्टिव रिफ्रेश रेट देने वाला एकमात्र स्मार्टफोन है। चाहे आप लगातार बिंज वॉच करें, गेम खेलें या स्क्रॉल करते रहें, पोको एम7 5जी एक शानदार और आंखों को आराम देने वाला अनुभव प्रदान करेगा। स्नैपड्रैगन0 4 जेन 2 चिपसेट, 12जीबीरैम (6जीबी टर्बो रैम) और 5160एमएएच की बैटरी से लैस, यह हैवी यूजर्स के लिए भी स्मूथ और बिना रुकावट वाली परफॉर्मेंस देता है। इस लॉन्च के अवसर पर, पोको इंडिया के कंट्री हेड, हिमांशु टंडन ने कहा, भारत का स्मार्टफोन बाजार तेजी से बदल रहा है, और आज के जमाने के यूजर्स बिना समझौता किए अधिक मूल्य की अपेक्षा करते हैं।

## ट्रेनिंग कर्मचारी को बनाया वरिष्ठ लेखा लिपिक

**छिंदवाड़ा।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा कर्मचारियों के प्रभार में बदलाव को लेकर नाराजी है बताया जाता है कि कार्यपालन यंत्री कुसरे द्वारा ट्रेनिंग पीरियड में रहने वाले परासिया खंड सहायक ग्रेड तीन मधुकर उईके को वरिष्ठ लेखा लिपिक बना दिया गया है।

## रघुवंशी युवा मित्र मंडल द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव 6 मार्च को

**छिंदवाड़ा।** श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी का भव्य आयोजन किए जाने हेतु रायल पैलेस होटल में रघुवंशी युवा मित्र मंडल द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि रघुवंशी युवा मित्र मंडल छिंदवाड़ा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 6 अप्रैल 2025 को श्री रघुवंशम लॉन छिंदवाड़ा में किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए रूपरेखा तैयार की गई है। युवा मित्र मंडल के प्रवक्ता सत्येन्द्र चौधरी ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओ से कार्यक्रम में सहयोग प्रदान कर पुण्य लाख कमाने की अपील की है।

## कांग्रेस सेवादल ने घोषित किए शहर क्षेत्र में पांच अध्यक्ष

**छिन्दवाड़ा।** कांग्रेस सेवादल के द्वारा छिन्दवाड़ा शहर के पांच क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति उपरांत कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष के द्वारा उप ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं जो निम्नानुसार है। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले के द्वारा शहर में पूर्व क्षेत्र, पश्चिम क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्र, उत्तर क्षेत्र व मध्य क्षेत्र में क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुरेश भावे, दक्षिण क्षेत्र अध्यक्ष देशराज बारस्कर, कार्य. अध्यक्ष रवि खिलवाड़ी, प्रभारी गजेन्द्र खेरकर मनोनीत किए गए हैं। पूर्व क्षेत्र अध्यक्ष पद पर दिवाकर बोरकर, उत्तर क्षेत्र अध्यक्ष रमजान खान, मध्य क्षेत्र विक्रम बन्देवार मनोनीत किए गए हैं।

### अनिल सातनकर को सौंपी जिम्मेदारी

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग में ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

## अग्रणी अभिकर्ता गणेश वर्मा को मिला वरिष्ठ सम्मान

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा शाखा के अग्रणी अभिकर्ता गणेश वर्मा का शाखा छिन्दवाड़ा में इस वर्ष उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रादेशिक प्रबंधक जी.के. जेना एवं आर.के. यादव वरिष्ठ मंडल प्रबंधक द्वारा एम.डी.आर. टी. सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारी द्वय के हाथो से श्री वर्मा को विशेष सम्मान ट्राफी प्रदान की गई ! इस सम्मान समारोह के अवसर पर उपस्थित समस्त अधिकारियों ने गणेश वर्मा के कार्य की प्रशंसा करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की ! गणेश वर्मा ने इसका समस्त श्रेय अपने पालिसी धारको को समस्त अधिकारियों को एवं अपने गुरु अर्जुन सिंह को दिया !

## राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने दिया पण्डोखर सरकार को छिंदवाड़ा आने का आमंत्रण

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा राष्ट्रीय हिन्दू सेना जिलाध्यक्ष यमन साहू ने बताया है कि पण्डोखर सरकार का 7 दिवसीय त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार लगाने के संदर्भ में रायपुर छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय हिन्दू सेना के छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष यमन साहू ने, पंडोखर सरकार के शिष्य वरिष्ठ पत्रकार संजय भारद्वाज , सहित एक प्रतिनिधि मंडल ने पण्डोखर सरकार श्रीगुरूशरण महाराज जी से मुलाकात की। छिंदवाड़ा में 7 दिवसीय त्रिकालदर्शी दिव्या दरबार की तिथि शीघ्र घोषणा राष्ट्रीय हिन्दू सेना के जिला अध्यक्ष यमन साहू आगामी दिनों में करेंगे इस दौरान उनके साथ सोनू साहू, कुलविंदर सिंह, मयंक सोनी उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उईके बनी निक्षय मित्र



**छिंदवाड़ा।** 100 दिवसीय निक्षय शिविर अंर्तगत आज जिला क्षय केंद्र से एसटीएस जय अहिरवार टीबीएचव्ही श्रीमती पूर्णिमा परिहार एवं रानू वर्मा द्वारा पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके जी से भेट की गई इस दौरान निक्षय शिविर एवं प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा क्षय रोगी के पोषण हेतु निक्षय मित्र बनकर अपनी सहमति दी गई । साथ ही जनभागीदारी से भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए अपील की गई।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 509 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे

### सांसद, क्षेत्रीय विधायक शाह ने दी शुभकामनाएं

**अमरवाड़ा।** मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवेक बंटी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान है। गरीब बच्चियों की शादी की समस्त जिम्मेदारी सरकार की होती है, प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं और धूमधाम से कन्याओं का विवाह-निकाह होता है। अमरवाड़ा मंडी प्रांगण में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 509 जोड़े दांपत्य सूत्र में बंधे जिन्हें सांसद एवं विधायक ने शुभकामना दीं।





**बैतूल, सांध्य प्रकाश ।** प्रदेश भाजपा वरिष्ठ नेता विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र तोमर का बैतूल रेलवे स्टेशन पर आगमन भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार के नेतृत्व नागरिक बैंक अध्यक्ष अतीत पावर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओ ने किया जोरदार स्वागत।

# शासकीय जमीन पर कब्जा कर बनाया जा रहा कॉलेज

### मामला चारगांव प्रहलाद का, नायब तहसीलदार ने कहा जांच कर उचित कार्रवाई करेंगे।





**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा तहसील के अंतर्गत चारगांव प्रहलाद में सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण कार्य किये जाने का मामला सामने आया है। यहां कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है जिसकी शिकायत तहसील आफीस में की गई है। शिकायत के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी और जांच में अतिक्रमण पाया गया तो अवैध निर्माण को तोड़ा जाएगा। बताया जाता है कि चारगांव प्रहलाद के खसरा नंबर 225 रकबा 0.101 मद छोटे झाड़ का जंगल है जिसमें शेख स्माइल अंसारी पिता शेख वजीर, शेख अफसर अंसारी पिता शेख वजीर द्वारा अवैध निर्माण किया गया है। जबकि कॉलेज का निर्माण कर रहे शेख स्माइल का कहना है कि उन्होने किसी तरह का शासकीय जमीन पर कब्जा नहीं किया है। बल्कि जिस ठेकेदार को निर्माण कार्य के लिए ठेका दिया गया था उसके द्वारा चोरी करने और घटिया निर्माण कार्य किये जाने के कारण उसका काम बंद कर दिया गया हो सकता यह उन्हें द्वारा किया जा रहा हो। उन्होने बताया कि यहां कॉलेज के लिए बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है। बहरहाल क्षेत्र के ग्रामीणों का भी कहना है कि यदि जहां निर्माण किया जा रहा है उसका सीमांकन कर जांच की जाए तो शासकीय जमीन निकलेगी। कुछ दिन पूर्व खजरी मार्ग पर शासकीय भूमि में बनी दुकान एवं पेट्रोल पंप की शिकायत पर प्रशासन द्वारा दुकानों तोड़ी गई और पेट्रोल पंप को लेकर जांच की जा रही है जिसकी पर भी बड़ी कार्रवाई की संभावना है।

### इनका कहना

जिस जमीन पर कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

इन्द्राशन तुराली, नायब तहसीलदार छिंदवाड़ा

# विधायक के बिगड़े बोल कमलनाथ-विजय चौरे का पुतला जलाया



**छिंदवाड़ा।** आज भारतीय जनता पार्टी राममंदिर छोटी बाजार नगर मंडल समस्त भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के पूर्व विधायक कमलनाथ एवं सौसर विधायक विजय चौरे द्वारा जो घोर निंदनीय बयान दिया गया और विजय चोरे द्वारा कल यह बयान दिया की लाशें बिछा देंगे इस निंदनीय बयान को लेकर आज कमलनाथ और विजय चौरे का पुतला दहन किया एवं चेतावनी दी की अगर इस बयान को लेकर उन्होंने छिंदवारा की जनता से माफ़ी नहीं मांगी तो भाजपा नगर मंडल 3 द्वारा और उग्र प्रदर्शन किया जावेगा। भाजपा द्वारा यह भी कहा गया की सम्पूर्ण देश मैं मध्यप्रदेश मैं भाजपा की जानकल्याणकारी सररकार है। छिंदवाड़ा के लोकप्रिय सांसद भी दिन रात जनकल्याण के कार्य कर रहे ताकि छिंदवाड़ा की जनता को सुशासन वाली सरकार की योजनाओं का लाभ मिले और छिंदवाड़ा का विकास हो लेकिन यहाँ पर कांग्रेस के विधायक को यह सब रास नहीं आ रहा इसलिए वे अब छिंदवाड़ा की जनता के विषय मैं ही बयानबाजी कर छिंदवाड़ा का नाम और छिंदवाड़ा का माहौल ख़राब करने की नियत से ये बयान बाजी कर रहे है और इस बयान बाजी के लिए विधायक को छिंदवारा के प्रत्येक नागरिक से माफ़ी मांगनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से रोहित पोफली, भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कार , पंकज पाटनी, अरविंद राजपूत, बिट्टू मंडराह, मोरश्वर हिवसे , वंदना विश्वकरमा, रवि मालवी,दुर्गेश नरोते, अंकित तिवारी, अंकित सोलंकी, मनीष गुप्ता , मोहित बुनकर, कुणाल पाल, राजपूत, लकी पाल , यश गुप्ता, नितिन माहौर, श्रद्धा जैन, बिट्टा वर्मा, ऋषभ ताम्रकार , कमरुद्दीन छोटू, नितिन ताम्रकार, आशुतोष गुप्ता, पप्पू ठाकुर, बिट्टू, निकुंज साहू, विशाल गढ़ेवाल ,दुर्गेश नरोते , अनु गोहर, बबलू पराते ,संदीप महोरे,रोहित महोरे, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा गुलाबरा नगर मंडल ने जलाया विधायक का पुतला

भाजपा गुलाबरा नगर मंडल के समस्त भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के पूर्व विधायक कमलनाथ एवं सौसर विधायक विजय चौरे द्वारा जो घोर निंदनीय बयान दिया गया और विजय चोरे द्वारा कल यह बयान दिया की लाशें बिछा देंगे इस निंदनीय बयान को लेकर आज कमलनाथ और विजय चौरे का पुतला दहन किया एवं चेतावनी दी की अगर इस बयान को लेकर उन्होंने छिंदवाड़ा की जनता से माफ़ी नहीं मांगी तो भाजपा गुलाबरा नगर मंडल द्वारा और उग्र प्रदर्शन किया जावेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष लीला



बजोलिया, नवीन बारस्कर, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक, भाजपा नेता रोहित पोफली, मोरेश्वर हिवसे, सुनीता यादव, शिवानी सक्सेना, चंद्रभान देवरे, भूरा भावरकर, राजेश मोखलगाय, पप्पू ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मण्डराह, अनुज मल्होत्रा, रवि मालवी, माया बंदेवार, रोहित माहोरे, अंकित तिवारी, चेतराम पाल, लकी पाल, नितिन राउत, शुभम साहू, सोमेंद्र ठाकुर, अविनाश शर्मा, विजेंद्र चौहान, नीरज वर्मा, बबलू विश्वकर्मा, ममता डोंगरे, निशा गोस्वामी, तारा त्यागी सहित बड़ी संख्या में मंडल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### अमरवाड़ा नगर मंडल के द्वारा पुतला दहन

अमरवाड़ा। नगर मंडल के द्वारा पुतला दहन आज फव्वारा चौक में किया गया इस अवसर पर उत्तम सिंग ठाकुर और सचिन गोल्डी नेमा नगर मंडल अध्यक्ष अमरवाड़ा के नेतृत्व में फव्वारा चौक में पुतला दहन किया भाजपा के वरिष्ठ नेता उत्तम सिंह कहां की कमलनाथ एवं सौसर के विधायक विजय चौरे द्वारा लोकप्रिय भाजपा सांसद बंटी विवेक साहू तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अनर्गल भाषा का प्रयोग कर अभद्र धमकी देने के विरोध में जिलेभर में पुतला दहन किया गया है इसी तारतम में आज स्थानीय फव्वारा चौक में सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कमलनाथ और विजय चौरे का पुतला दहन कर विरोध प्रकट किया किया गया।

## अमरवाड़ा में चल रही भाजपा की तानाशाही सरकार: कुर्चे

### जनप्रतिनिधियों की लगातार कर रहे अवहेलना

**छिन्दवाड़ा।** लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन, जनता ही सत्ताधारी होती है और उसकी अनुमति से ही शासन होता है। जनता के द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि उनका नेतृत्व करते हैं, किन्तु अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में इसकी परिभाषा ही बदल चुकी है, यहां अधिकारी स्वयं को कानून व्यवस्था व नियम कायदों से ऊपर मानते हुए चुने हुए जनप्रतिनिधियों की लगातार अव्हेलना कर रहे हैं। उक्त उदगार आज जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अमरवाड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चम्पालाल कुर्चे ने व्यक्त किए।चम्पालाल कुर्चे ने कहा कि हर्रई में खंड स्तरीय मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह, विवाह के आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में दिनांक 03 मार्च 2025 को हर्रई जनपद पंचायत के सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया, जबकि उन लोगों को बैठक में आमंत्रित किया गया जो किसी भी संवैधानिक पद पर नहीं है, किन्तु वे भाजपा के लोग है इसीलिये अधिकारी ने राजनीति से प्रेरित होकर उन्हें बैठक में बुलाया गया। इसका सीधा अर्थ है कि अपने संवैधानिक पद की गरिमा को भूलकर अधिकारी नियम व प्रोटोकॉल के खिलाफ जाकर सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित कर रहा है जो पूर्णत गलत है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं




**मंडला।** जिला योजना भवन में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आवेदकों की समस्याएं सुनी। 84 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा एवं जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित संबंधित विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित थे। सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम नांदिया निवासी कमलेश भांवरे ने गरीबी रेखा के अंतर्गत राशन कार्ड बनाने के संबंध में, महात्मा गांधी वार्ड मण्डला निवासी जगदीश बरमैया ने राशन न मिलने के संबंध में, ग्राम रमपुरी निवासी ओमकार ने अनुग्रह सहायता का लाभ दिलाने के संबंध में, ग्राम कोकेवाड़ा नैनपुर निवासी लामूसिंह मरकाम ने संबल कार्ड की राशि प्रदान कराने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

## देवेन्द्र मर्सकोले प्रभारी सी.एम.ओ से बने पांढुर्ना के राजस्व उपनिरिक्षक

**छिंदवाड़ा।** नरसिंगपुर चिचली के प्रभारी सी.एम.ओ देवेन्द्र मर्सकोले का पांढुर्ना में राजस्व उपनिरिक्षक बनाकर पांढुर्ना मूलपद पर भेजा गया है। देवेन्द्र मर्सकोले ने तत्कालीन सी.एम.ओ अनिल देवार को चार्ज नहीं दिया था, उसकी शिकायत शासन को कि गई थी इन्होने जेम के माध्यम से अध्यक्ष से मिलकर भारी खरीदी की है। हर्रई में पदस्थ रही शीतल भलावी को सिवनी मालवा से हटाकर रीवा में सहायक आयुक्त कार्यलय में अटैच किया गया है। दमुआ की सी.एम.ओ पूजा बुनकर धनपुरी नगर परिषद में भेजा गया है। पूजा बुनकर की शिकायते बहुत थी, दमुआ की अध्यक्ष ने इन्हे हटवाया। पूजा बुनकर पर आरोप है कि वे जहां जहां रही है, वहां नियम विरूद्ध लाखों की खरीदी की है, सिवनी, करेली, हर्रई, दमुआ में जो खरीदी की गई उसकी जांच मांग की गई है। नपा के पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों ने इनकी सम्पत्तियों की जांच की भी मांग की है।

## मानसिक रोगी ने मचाया उत्पात स्कूली छात्रों पर बरसाए पत्थर

**छिंदवाड़ा।** छोटी बाजार मेन रोड पर आज सुबह एक मानसिक रोगी ने जमकर उत्पात मचाया। दरअसल युवक द्वारा स्कूली छात्रों पर अचानक पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। यही नही उसने राहगीरों पर भी अचानक अटैक कर दिया। मानसिक रोगी की इस हरकत के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं स्थानीय लोगों में दहशत का भी माहौल देखा गया। हालाकि कुछ देर तक चले इस घटना क्रम के बाद लोगों ने उसे पकड़कर उसकी जमकर पिटाई की,जिसके बाद उसके हाथ पैर बांधकर पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह 7 बजे अचानक एक युवक सड़क पर चलने वाले स्कूली छात्रों व चौपहिया वाहनों पर पत्थर बरसाने लगा। दहशत का माहौल देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। जहां पुलिस ने उसे थाने लेकर पहुँची है।

### क्षेत्रीय लोगों ने की जमकर पिटाई

युवक द्वारा जब लोगों पर हमला किया जाने लगा तो, क्षेत्रीय लोगों द्वारा पहले उसे पकड़ा गया। जिसके बाद लाठी डंडों से उसकी जमकर पिटाई की गई। यही नही युवक के हाथ पैर बांधकर सड़क के किनारे बैठा दिया गया। युवक के शरीर पर चोट के निशान भी देखे गए हैं।

## ऑटो नंबरिंग एवं यातायात सुधार अभियान

**छिंदवाड़ा।** शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक संगठित, सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार यातायात पुलिस छिंदवाड़ा द्वारा एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 1000 से अधिक ऑटो वाहनों पर नंबरिंग अंकित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जिनके दस्तावेज अद्यतन और मान्य पाए गए। वाहनों की वैधता सुनिश्चित करना ङ्क सभी ऑटो चालकों के दस्तावेज़ जैसे परमिट, पंजीकरण, बीमा और फिटनेस प्रमाण पत्र को वैध और अद्यतन कराना। अनियंत्रित वाहनों पर नियंत्रण ङ्क बिना दस्तावेज़ और बिना परमिट के चल रहे ऑटो वाहनों को यातायात से हटाकर सड़क पर सुरक्षा और सुव्यवस्था कायम करना।

## आधार फाउंडेशन में 6 को मनेगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

### पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके के हस्ते सम्मानित होंगी मातृ शक्तियां

**छिंदवाड़ा।** आगामी 8 मार्च के शुभ दिन छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व में विविध अनुष्ठानों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर उत्कृष्ट कार्यों में योगदान के लिए महिला शक्ति को सम्मानित किया जावेगा। इस अवसर पर छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में सामाजिक संस्था सक्षम एवं आधार फाउंडेशन द्वारा गुरुवार 6 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर छिंदवाड़ा जिले में जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वास्थ-शिक्षा-खेल-पशु चिकित्सा-संगीत-पत्रकारिता-समाज सेवा सहित अन्य गतिविधियों के माध्यम से मां भारती की सेवा करने वाली महिला शक्तियों को सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया जावेगा। कार्यक्रम संयोजक सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजी. महेश किंथ एवं आधार फाउंडेशन की संचालिका सरिता पांडे ने बताया कि गुरुवार 6 मार्च को दोपहर 1 बजे से यह कार्यक्रम परासिया रोड स्थित आधार फाउंडेशन में आयोजित किया गया है जिसकी मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनुसुइया उईके रहेंगी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक, नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन करेंगे, जिनके साथ मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बी. के. शक्ति दीदी सह संचालिका प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय छिंदवाड़ा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे, जिनके हस्ते महिला शक्तियों को सम्मानित किया जावेगा। जिसमें सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील आयोजकों द्वारा जिले वासियों से की गई है।

## बिछुआ के शंकर वन में अर्पित किया पवित्र गंगा जल

### पूर्व सांसद नकुलनाथ महाकुंभ से लेकर आए हैं गंगा जल



**छिन्दवाड़ा** विश्व की सबसे बड़ी आस्था के केन्द्र प्रयागराज महाकुंभ से जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा लाया गया पवित्र गंगा जल चौरई विधानसभा क्षेत्र के बिछुआ ब्लॉक के विख्यात धार्मिक स्थल शंकर वन में अर्पित किया गया। बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के द्वारा भगवान भोलेनाथ के मंदिर में पूजन अर्चन के उपरांत गंगा जल समर्पित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला महामंत्री इंद्रपाल सिंह पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता देशलाल धुर्वे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, महासचिव विपिन कुमार उइके, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह उइके,दीपक खड़से, राहुल डेहरिया, कृष्णा सातनकर, बलवान टेकाम सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अटल नगरीय अधिकारी-कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**परासिया ।** अटल नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी संघ नगर पालिका परिषद डोंगर परासिया ने आज दिनांक 04/03/2025 को अपनी सात सूत्रीय मांगों के संबंध में आज माननीय अध्यक्ष महोदय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा हैं। जिसमें निम्नानुसार मांगे हैं

1. निकाय में कार्यरत कर्मचारी जिनका वेतन भुगतान आज दिनांक तक नही हो पाया है उनका शीघ्र वेतन भुगतान किया जावे। 2. निकाय में कार्यरत समस्त कर्मचारियों का बकाया एरियर्स का भुगतान किया जावे । 3. म.प्र शासन वित्त विभाग के पत्र क्र एफ9 -4/2018 नियम/चार भोपाल दिनांक 27 अगस्त 2018 के निर्देशानुसार स्थायीकर्मियों को मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति उपादान (ग्रेज्युटी) का भुगतान किया जावें । 4.निकाय में कार्यरत कर्मचारियों की राशि माह-नवम्बर 2023 से जनवरी 2025 तक की बकाया राशि जमा की जावें । 5. निकाय मे कार्यरत समस्त फिक्स वेतन कर्मचारियों को श्रम आयुक्त कार्यालय इन्दौर के पत्र क्र. 500/आफ ला/नवम/प्रवर्तन/2024/37495-548 इन्दौर दिनांक 12.12.2024 एवं कार्यालय कलेक्टर छिन्दवाड़ा के पत्र क्र. 2979-3006 छिन्दवाड़ा दिनांक 31.12/.024 के निर्देशानुसार कलेक्टर दर से भुगतान किया जावे । 6.निकाय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का विशेष भत्ता पूर्व में नगरीय प्रशासन के आदेश से चालू किया गया था किंतु अब विशेष भत्ता नगरीय प्रशासन के आदेश के बिना ही बंद कर दिया गया है उसे पुनः चालू किया जावें। 7. म.प्र.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक सी 5-1-2013-1-3 भोपाल दिनांक 03 मई 2017 के अनुसार स्थायीकर्मियों को सात दिन का आकस्मिक अवकाश एवं पांच दिनों का एच्छिक अवकाश की पात्रता प्रदान की गई है एवं आपातकालीन परिस्थितियों में यदि सप्ताहिक अवकाश के दिन कार्य लिया जाता है तो उसके बदले अगले सप्ताह में अवकाश स्वीकृति की पात्रता प्रदान की गई है उसे लागू किया जावें । ज्ञापन सौंपते समय निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। सलाहकार सुनील देवार, सहसचिव नंदा दुबे, शशीकांता भारद्वाज, सुनील शर्मा, फरहीन खान, संगठन सदस्य प्रभारी अरविंद नाग, ससहसंगठन प्रभारी राजेश जैन, मीडिया प्रभारी अश्वनी डेहरिया, रंजीत डेहरिया, आदि उपस्थित थे।

## श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

छतरपुर। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय मे यूजीसी से निर्देशित अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। सर्वप्रथम मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर मर्ल्यापण किया और दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 3 मार्च 2025 को साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस पर श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में जुंबा और एरोबिक्स गतिविधि छात्राओं द्वारा की गई जिसमें लगभग 78 छात्राओं ने इस गतिविधि में भाग लिया एवं भविष्य में अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का प्रण लिया। जुंबा विशेषज्ञ निशांत बाल्मीक, एरोबिक विशेषज्ञ श्वेता सिंह। श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के खेल परिसर में प्रतियोगिता आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिता में अंतर्गत शंतरज व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं व महिला स्टॉफ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शंतरज प्रतियोगिता में विजयाराजे, प्राची परिहार, प्रियंका कुशवाहा, आरती पटेल ने जीत दर्ज की।कैरम प्रतियोगिता में नीतू प्रथम विजेता व नंदनी उपविजेता रही। के अंतर्गत, 50 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें नेहा




कुशवाहा ने प्रथम, शिखा ने द्वितीय संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कुलाधिपति महोदय डॉ बृजेन्द्र सिंह गौतम ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए समान अधिकार की ओर हमारे समाज व हमारा ध्यान आकर्षित करता है हमें ऐसे समाज का निर्माण करना जो सभी के लिए समान अधिकार, शक्ति और अवसर प्रदान कर सके और एक नारीवादी भविष्य हो जहाँ कोई भी पीछे न छूटे। प्रभारी कुलसचिव डॉ. अमित जैन ने कहा राष्ट्र के विकास में महिलाओं का महत्व और अधिकार के बारे में समाज में जागरुकता लाने के लिये मातृ दिवस, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि जैसे कई सारे कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं। मानव संसाधन प्रमुख डॉ शिवेंद्र सिंह परमार ने कहा भारत में, महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे पहले समाज में उनके अधिकारों और मूल्यों को मारने वाली उन सभी राक्षसी सोच को मारना जरुरी है, जैसे दहेज प्रथा, अशिक्षा, यौन हिंसा, असमानता, भ्रूण हत्या, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, वैश्यावृति, मानव तस्करी और ऐसे ही दूसरे विषय आदि।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज के बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी कल जोधपुर में







**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय और बिजनेसमैन अनुपम बंसल की बेटी अमानत की शादी 6 मार्च को जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में होगी। इस शाही शादी की तैयारियों के तहत मेहमानों का जोधपुर पहुंचना शुरू हो चुका है। शिवराज सिंह चौहान अपने परिवार के साथ जोधपुर पहुंचे और जहां उनका पारंपरिक स्वागत किया गया। शादी की शुरुआत भोपाल में हुई थी, और अब जोधपुर में यह भव्य आयोजन संपन्न होगा। इस समारोह में राजनीति और उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। उम्मेद भवन पैलेस, जोधपुर का एक ऐतिहासिक स्थल, इस आयोजन के लिए उपयुक्त स्थान है।

बुधवार शाम को संगीत की रंगारंग महफिल सजेगी, और कल भारतीय रीति-रिवाजों के साथ कार्तिकेय और अमानत शादी के बंधन में बंधेंगे। इस शादी का एक खास पहलू यह भी है कि कार्तिकेय और अमानत की सगाई पिछले साल हुई थी, और अब यह जोड़ा नए जीवन की शुरुआत करने जा रहा है। बता दें कि 14 फरवरी 2025 (वैलेंटाइन डे) वाले दिन शिवराज के छोटे बेटे कुणाल शादी के बंधन में बंधे हैं।

**राजस्थानी स्वाद का विशेष मेन्यू-** शादी के आयोजन में मेहमानों को राजस्थानी भोजन का स्वाद चखने को मिलेगा। इस मेन्यू में मारवाड़ी केर सांगरी की सब्जी, गुलाब जामुन की सब्जी, जोधपुर का प्रसिद्ध मिर्ची बड़ा, गट्टे की सब्ज़ी और कचौरी सहित कई खास व्यंजन शामिल होंगे। इसके साथ-साथ जोधपुर की मशहूर मिठाइयां भी मेहमानों के सामने पेश की जाएंगी। इन मिठाइयों में गुलाब जामुन, राजभोग, चक्की की सब्जी और बाजरे का सोगरा भी शामिल हैं।

**चार प्रमुख होटल बुक-** शादी के इस भव्य आयोजन के लिए जोधपुर के चार प्रमुख होटल बुक किए गए हैं। उम्मेद भवन पैलेस, आईटीसी वेलकम, रेडिसन और अजीत भवन में मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। यह होटल्स विशेष रूप से VVIP मेहमानों के लिए बुक किए गए हैं, जिनमें देशभर से आने वाले नेता और राजनेता शामिल होंगे।

**एक दर्जन चार्टर विमानों की संभावना-** शादी के कार्यक्रम के लिए जोधपुर में 6 मार्च को केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान और उनके परिवार के साथ-साथ कई अन्य VIP मेहमानों का आगमन होगा। सूत्रों के अनुसार, शादी में शामिल होने के लिए करीब 12 चार्टर विमान जोधपुर एयरपोर्ट पर उतरेंगे।

### शादी में राजनीति और समाज की बड़ी हस्तियों की उपस्थिति

इस शादी के समारोह में देशभर से करीब 300 वीवीआईपी मेहमानों के पहुंचने की संभावना है। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गजेंद्र सिंह शेखावत, जनरल वीके सिंह, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा जैसे कई महत्वपूर्ण लोग शामिल होंगे।

### भोपाल-दिल्ली में होगा रिसेप्शन पीएम होंगे शामिल

कार्तिकेय और अमानत की सगाई पिछले साल 17 अक्टूबर को दिल्ली में हुई थी। अब, 6 मार्च को जोधपुर में उनकी शादी होगी, जिसके बाद 12 मार्च को भोपाल में रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली में भी 18 मार्च को एयरफोर्स ग्राउंड पर एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वरिष्ठ राजनेता और विदेशी मेहमान शामिल होंगे।

## अब तक 58 लाख का रजिस्ट्रेशन, 31 से पहले बनानी होगी 42 लाख किसानों की आईडी



**भोपाल।** प्रदेश में किसानों की कुंडली तैयार करने के लिए फार्मर आईडी जनरेट करने के मामले में अपेक्षित सफलता नहीं मिल पा रही है। प्रदेश में एक करोड़ लाख फार्मर आईडी बनाने का टारगेट है। अब तक 58 लाख फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। बाकी लक्ष्य पूरा करने के लिए कलेक्टरों को जिलों में कैम्प लगाने के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एग्री-स्टेक योजना के अंतर्गत प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा हर किसान और भूमिस्वामी को एक यूनीक आईडी प्रदान की जा रही है। इससे किसानों को ऑनलाइन लोन प्रोसेस पूरी करने में आसानी होगी। सरकार के लिए भी हितग्राही योजनाओं के लक्ष्य निर्धारण और सत्यापन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

## चूल्हे पर पानी गर्म करते समय घर में लगी आग से सामान बचाने में झुलसा बुजुर्ग



**भोपाल।** करोंद इलाके में बुधवार सुबह एक घर में आग लग गई। आग में एक्टिवा, साइकिल समेत गृहस्थी का सामान जल गया। एक बुजुर्ग भी झुलस गया। वो घर के सामान को आग से बचा रहा था। आग सुबह साढ़े 8 बजे चूल्हे पर पानी गर्म करते समय लगी, जो करीब एक घंटे में काबू आ सकी। फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया, 68 वर्षीय बुजुर्ग प्रेमनारायण हाड़ा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। करोंद स्थित हाउसिंग पार्क कॉलोनी में वे घर में अकेले ही रहते हैं। सुबह वे चूल्हे पर पानी गर्म कर रहे थे। तभी पास में खड़ी एक्टिवा में आग लग गई और देखते ही देखते घर में फैल गई। आग लगते ही उसे बुझाने के लिए बुजुर्ग प्रेमनारायण हाड़ा दौड़ पड़े। इसी दौरान उनके मुंह, हाथ-पैर झुलस गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। घर में आग लगने की जानकारी मिलने पर कबाड़खाना फायर स्टेशन से दमकलें और निशातपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक आग से सामान राख हो गया था। निशातपुरा थाने के एएसआई हरिशंकर प्रजापति और प्रधान आरक्षक जितेंद्र जैन ने मुआयना किया। एक्टिवा, साइकिल, सोफा, कपड़े, पलंग समेत गृहस्थी का सारा सामान जल गया।

## गर्मी में बदलेगी बाबा महाकाल की दिनचर्या, ठंडे जल से करेंगे स्नान



**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से भगवान महाकाल की दिनचर्या बदलेगी। मंदिर की पूजन परंपरा में इस दिन से गर्मी की शुरुआत मानी जाती है। गर्मी के दिनों में राजाधिराज महाकाल ठंडे जल से स्नान करेंगे। इस दौरान प्रतिदिन होने वाली पांच में से तीन आरती का समय भी बदल जाएगा। पं. महेश पुजारी ने बताया महाकाल मंदिर की पूजन परंपरा में ठंड व गर्मी का प्रभाव रहता है। इन दिनों सर्दी के अनुसार भगवान की सेवा पूजा की जा रही है। तड़के 4 बजे भस्म आरती में भगवान को गुनगुने गर्म जल से स्नान कराया जा रहा है। फाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन के बाद गर्मी की शुरुआत मानी जाती है और चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से भगवान की सेवा पूजा गर्मी के अनुसार की जाने लगती है। इसमें तीन आरती का समय भी बदलेगा। महाकाल मंदिर में फाल्गुन पूर्णिमा से शरद पूर्णिमा तक छह माह गर्मी के अनुसार भगवान की सेवा पूजा की जाती है। वहीं, शरद पूर्णिमा से फाल्गुन पूर्णिमा तक सर्दी के अनुसार पूजन की परंपरा है। चैत्र कृष्ण प्रतिपदा पर 15 मार्च से गर्मी के अनुसार शुरू होने वाली पूजा अर्चना 7 अक्टूबर शरद पूर्णिमा तक चलेगी।

# 'प्राइड ऑफ भोपाल' अवार्ड समारोह में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने किया उत्कृष्ट प्रतिभाओं का सम्मान



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होटल पलाश, भोपाल में फ्री प्रेस मीडिया समूह के प्राइड ऑफ भोपाल अवार्ड समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान करना एक गौरवशाली परंपरा है, जो न केवल सम्मानित व्यक्तियों को प्रोत्साहित करती है बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करती है।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि मीडिया समाज की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाने और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। पत्रकारिता एक जिम्मेदारी है और समाजसेवा का उत्कृष्ट माध्यम भी है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कला, संस्कृति, खेल, स्वास्थ्य, समाजसेवा, शिक्षा, प्रशासन और पुलिस सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। इनमें कला क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित हरचंदन सिंह भट्टी और खेल क्षेत्र में विक्रम अवार्डी कमल चावला सहित अन्य विभूतियाँ शामिल थीं। कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि समाज के विकास में पत्रकारिता का अहम स्थान है। वह एक सजग प्रहरी के रूप में विकास की दिशा और स्थिति के सचेतक के रूप में कार्य करते हैं। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि भोपाल अब लघु भारत का रूप ले चुका है और इसे स्वच्छ, सुंदर व बेहतर बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों का योगदान आवश्यक है। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बेहतर इकोसिस्टम और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध: शुक्ल

### मेडिकल एक्सीलेंस अवार्ड-2025 में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान का किया सम्मान

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश परफॉर्मर स्टेट है। उन्होंने कहा कि संगठित प्रयासों से हम प्रदेश को स्वास्थ्य मानकों में शीर्ष पर लाने में सफल होंगे। उन्होंने चिकित्सकों से आग्रह किया कि वे प्रदेश के हेल्थ पैरामीटर्स को शीर्ष स्तर पर ले जाने के लिए सतत प्रयास करें। सरकार स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बेहतरीन इकोसिस्टम और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल भोपाल में अनादि मीडिया समूह द्वारा आयोजित मेडिकल एक्सीलेंस अवार्ड-2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने चिकित्सा सेवा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉक्टरों, चिकित्सा शिक्षकों और चिकित्सकीय संस्थान संचालकों को सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है और जल्द ही हम वैश्विक स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास का मुख्य लक्ष्य स्वास्थ्य और शिक्षा की उत्कृष्ट व सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिसके लिए केंद्र एवं राज्य सरकारें लगातार कार्य कर रही हैं। आयुष्मान भारत योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत चक्र मिला है, वहीं प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई जा रही है ताकि पर्याप्त चिकित्सकीय मैनपावर उपलब्ध हो सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित करने से न केवल उनका हौसला बढ़ता है, बल्कि समाज में अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने चिकित्सा सेवा क्षेत्र मानवता की सेवा का सबसे बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि डॉक्टरों से इलाज में संवेदनशीलता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सहज व्यवहार और आत्मीयता से किया गया इलाज मरीजों को आत्मविश्वास देता है और उपचार को प्रभावी बनाता है।




टेसू के फूल की बहार आई है। यह फूल बरबस अपनी तरफ आकर्षित करते हैं। इन फूलों से होली खेलने के लिए रंग भी बनाए जाते हैं। - फोटो राजीव गुप्ता





आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय ओपन यूनिवर्सिटी के अरेरा हिल स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में 38वे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि. बरकत उल्ला युनिवर्सिटी के कुलगुरु सुरेश जैन एवं इग्नू की क्षेत्रीय डायरेक्टर विनीता टाक ने उपाधियां प्रदान की।

## भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर सहित सात स्मार्ट सिटी में एआई तकनीक से नागरिक सेवाएं बनाई जाएंगी बेहतर

**भोपाल।** भोपाल सहित प्रदेश की सात स्मार्ट सिटी में एआइ तकनीक से नागरिक सेवाएं बेहतर बनाई जाएंगी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं सतना का चयन स्मार्ट सिटी के रूप में किया गया है। चिह्नित शहरों में सुशासन और नागरिक सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन चयनित शहरों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) और इंटेलिजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को लागू किया गया है।




आईसीसीसी तकनीक स्मार्ट सिटी में नागरिक सेवाओं में डाटा संचालन और निर्णय लेने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आईसीसीसी और आईटीएमएस इन दोनों प्रणालियों में रियलटाइम में डाटा एकत्र कर त्वरित कार्रवाई करने की क्षमता है।

इन प्रणालियों के जरिए स्मार्ट सिटी में जल आपूर्ति, अपशिष्ट प्रबंधन, स्ट्रीट लाइटिंग और सार्वजनिक सुरक्षा जैसी शहर की सेवाओं की लगातार निगरानी संभव है। केंद्र सरकार ने नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन (एनडीयूएम) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को शामिल करने का निर्णय लिया है। आईसीसीसी तकनीक से स्मार्ट सिटी में अपशिष्ट संग्रह वाहनों की वास्तविक समय की ट्रैकिंग से समय पर कचरा निपटान और सफाई सुनिश्चित हो रही है।

# भोपाल, इंदौर-ग्वालियर संभाग में दिन के पारे में 4.2 डिग्री तक की गिरावट आई



**भोपाल।** भोपाल में मंगलवार को दिन में हवा की रफ्तार 10 से 12 किमी प्रतिघंटा रही। इससे पारे में गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश के पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में दिन के तापमान में 4.2 डिग्री तक की गिरावट हुई है। मंगलवार को हवा की रफ्तार 10 से 12 किमी प्रतिघंटा तक रही। ऐसा ही मौसम बुधवार को भी रहेगा। इसके बाद दिन के पारे में फिर से 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) पाकिस्तान के पास एक्टिव है। टर्फ भी गुजर रहा है। इस वजह से हवा चल रही है और पारे में गिरावट देखने को मिल रही है।

मंगलवार को मौसम में बदलाव आया। ज्यादातर शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। पचमढ़ी में पारा 27.5 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि खरगोन में 35.6 डिग्री, खंडवा में 35.1 डिग्री, नर्मदापुरम में 34.5 डिग्री, मंडला में 34 डिग्री, मलाजखंड में 33.5 डिग्री, रतलाम-उमरिया में 33.2 डिग्री और दमोह में पारा 33 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 31 डिग्री, इंदौर में 30.5 डिग्री, ग्वालियर में 30.9 डिग्री, उज्जैन में 31.2 डिग्री और जबलपुर में पारा 32.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को शिवपुरी में 4.2 डिग्री की गिरावट के बाद पारा 28 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह इंदौर-गुना में 2.6 डिग्री, भोपाल में 1.2 डिग्री, धार में 2.3 डिग्री, रतलाम में 1.8 डिग्री, उज्जैन में 1.8 डिग्री की गिरावट हुई। बैतूल, खंडवा, पचमढ़ी, रायसेन, खजुराहो, नौगांव, सागर में भी मामूली गिरावट हुई। इससे पहले सोमवार-मंगलवार की रात में भी पारे में गिरावट दर्ज की गई। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 9 मार्च से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। ऐसा होने पर दो दिन बाद प्रदेश में भी असर देखने को मिल सकता है। हालांकि, बारिश होने के अभी आसार नहीं है। 5 माच को भोपाल में आसमान साफ रहेगा, लेकिन हवा की वजह से दिन का पारा 28 डिग्री तक पहुंच सकता है। ऐसा ही मौसम इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में भी देखने को मिलेगा।